डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

Join Telegram Channel Search @rojgaraurnirman

कोरोना संक्रमण के नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्य योजना की जाएगी विकसित - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण के विस्तार को देखते हुए नियंत्रण के लिए जन-जागरूकता के साथ इलाज संबंधी व्यवस्था के सभी प्रयास जारी हैं। इस आपदा और चुनौती का प्रभावी तरीके से सामना करने के लिए चिकित्सा क्षेत्र के साथ-साथ वरिष्ठ चिकित्सकों, जन-संचार क्षेत्र में दीर्घ अनुभव रखने वाले व्यक्तियों, मेडिकल एवं नर्सिंग होम एसोसिएशन और जन-सरोकार से जुड़े व्यक्तियों के सुझाव लिए जा रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना संक्रमण के नियंत्रण के लिए गठित राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में राज्य सरकार द्वारा कोरोना संक्रमण के नियंत्रण और जन-जागरूकता के लिए संचालित की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने प्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति पर प्रस्तुतिकरण दिया। समिति सदस्यों द्वारा कोरोना संक्रमण के प्रबंधन के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

संस्थाओं और कार्यालयों में गठित हो कोविड रिस्पांस टीम

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलपति श्री के.जी. सुरेश ने संस्थाओं और कार्यालयों में कोविड रिस्पांस टीम गठित करने का सुझाव दिया। कोविड प्रभावित परिवारों को आवश्यकतानुसार सहयोग प्रदान करने में यह टीम प्रभावी होगी। उन्होंने एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड आदि का सहयोग लेने का भी सुझाव दिया। श्री के.जी. सुरेश ने कहा कि अफवाहों पर नियंत्रण

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कोरोना नियंत्रण के लिये राज्य स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित करते हुये।

समाज की सोच को बदलने की आवश्यकता

नोबेल शांति पुरस्कार विजेता श्री कैलाश सत्यार्थी ने कोरोना संक्रमण के प्रबंधन और इस संबंध में जागरूकता के लिए समाज की सोच को बदलने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रभावी जन-संचार रणनीति विकसित करने की आवश्यकता है। सामाजिक चेतना जगाने के लिए धर्मगुरुओं का सहयोग लेने, आपदा प्रबंधन के साथ सूचनाओं के संबंध में सटीक और सही जानकारियों के प्रसार की प्रभावी व्यवस्था विकसित करनी होगी।

श्रमिकों के पलायन को रोकने लिए प्रभावी प्रयास आवश्यक

सीआईआई मध्यप्रदेश के चेयरमैन श्री सौरभ सांगला ने कहा कि श्रमिकों का पलायन न हो, इसके लिए प्रभावी प्रयास आवश्यक हैं। प्रदेश में जिन छोटी जगहों पर औद्योगिक गतिविधियां अधिक हैं, वहां पर्याप्त अस्पताल सुविधा उपलब्ध कराने लगाने और सही स्थिति सामने लाने के लिए फैक्ट चेक की व्यवस्था, रेडियो जॉकी तथा टी.वी. एंकर आदि को भी कोरोना से संबंधित संदेशों के प्रचार-प्रसार में सहयोगी बनाना होगा।

ऑक्सीजन सेचुरेशन के संबंध में एडवाइजरी जरूरी

मध्यप्रदेश नर्सिंग होम एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. जीतेन्द्र जामदार ने कहा कि ऑक्सीजन सेचुरेशन के संबंध में एडवाइजरी जारी कर इसे 92 प्रतिशत निर्धारित करने की आवश्यकता है। इससे ऑक्सीजन का किफायती उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा। डॉ. जामदार ने मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज के फाइनल ईयर के विद्यार्थियों का उपयोग करने संबंधी तथा निजी अस्पतालों को आवश्यक अधोसंरचना का विस्तार करने के लिए सरल लोन उपलब्ध कराने का सुझाव भी दिया।

कोविड सेंटरों की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो

सेवा भारती भोपाल के क्षेत्र संगठन मंत्री श्री रामेन्द्र सिंह ने कोविड सेंटरों की जानकारी आसानी से उपलब्ध कराने के लिए एप्लीकेशन विकसित करने, जिला चिकित्सालयों को सशक्त करने, जिला स्तर पर जन-जागरण अभियान में सामाजिक संगठनों को जोड़ने और टीकाकरण अभियान को गति देने की आवश्यकता बताई।

सोशल वैक्सीन है मास्क

एम्स भोपाल के निर्देशक डॉ. सरमन सिंह ने कहा कि यह सोशल बीमारी अधिक है और मास्क इस बीमारी का सोशल वैक्सीन है। डॉ. सिंह ने ट्रैकिंग को बढ़ाने, ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और होम क्वारेंटाइन में रह रहे लोगों को सभी आवश्यक सामग्री घर पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था स्थापित करने की आवश्यकता बताई।

ग्रीन इण्डिया मिशन

पांच सौ ग्रामीण युवाओं को किया जायेगा प्रशिक्षित

भोपाल, वन विभाग द्वारा ग्रीन इण्डिया मिशन के जरिये ग्रामीण युवाओं को कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण दिया जाकर रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। प्रदेश में इस तरह की 14 प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इनमें तकरीबन 500 ग्रामीण युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिलाया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्तर पर भारत की आजादी के 75 वर्ष को समारोह पूर्वक मनाने के लिये 'आजादी का अमृत महोत्सव' 12 मार्च से शुरू हो चुका है। इसी कड़ी में वन विभाग द्वारा ग्रीन इण्डिया मिशन के अंतर्गत चयनित लैंडस्केप में ग्रामीण युवाओं के लिये प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं।

65 युवा हो रहे हैं प्रशिक्षित

ग्रीन इण्डिया मिशन योजना में पहला प्रशिक्षण होशंगाबाद वन मण्डल के वन ग्राम भातना में शुरू किया गया है। डेढ़ महीने के इस प्रशिक्षण में ग्राम रांझी, भातना और लालपानी के 35 जनजाति के युवक-युवतियों को असिस्टेंट, हेल्पर, इलेक्ट्रीशियन और मोटर वाइंडिंग का प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। इसी तरह दूसरा चरण वन मण्डल पश्चिम बैतूल के ग्राम खामापुर रंजे-चिचोली में 3 अप्रैल से शुरू हो गया है। दो महीने चलने वाले प्रशिक्षण में जनजाति के 30 युवक-युवतियों को प्रशिक्षित कराया जा रहा है।

मुख्यमंत्री कोविड-19 योद्धा कल्याण योजना पुनः लागू

भोपाल, राज्य शासन ने 'मुख्यमंत्री कोविड-19 योद्धा कल्याण योजना' को 1 अप्रैल 2021 से 31 मई, 2021 तक की अवधि के लिये पुनः लागू किया है। पूर्व में यह योजना 31 अक्टूबर, 2020 तक थी।

खास खबर

कक्षा 10वीं और 12वीं के प्रवेश-पत्रों में करा सकेंगे संशोधन

भोपाल, माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी, हायर सेकेंडरी वोकेशनल और अन्य परीक्षाओं के प्रवेश-पत्रों में अब विद्यार्थी 10 मई 2021 तक संशोधन करा सकेंगे। पूर्व में यह तिथि 15 अप्रैल निर्धारित थी। कोविड 19 को दृष्टिगत रखते हुए प्रवेश-पत्र में संशोधन करने की अवधि में वृद्धि की गई है। सभी संस्था प्राचार्य, परीक्षार्थियों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर अपने हस्ताक्षर तथा पद मुद्रा अंकित कर छात्रों को उपलब्ध कराएंगे। प्रवेश-पत्रों में विषय अथवा माध्यम की त्रुटि पाए जाने की स्थिति में एमपी ऑनलाइन के पोर्टल पर जाकर निर्धारित शुल्क जमा कर वांछित सुधार करा सकेंगे।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा**- प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी**- देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में**- प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह**- देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

प्रदेश में

कोरोना के इलाज के लिए ऑक्सीजन की पर्याप्त व्यवस्था

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सभी जिलों में कोरोना के उपचार के लिए बिस्तरों, ऑक्सीजन आपूर्ति, रेमडेसिविर इंजेक्शन आदि की पर्याप्त व्यवस्था है। साथ ही भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए सभी जिलों में बिस्तर बढ़ाने, ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने एवं रेमडेसिविर इंजेक्शन प्राप्ति के युद्ध स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश के 49 जिलों में कोविड केयर सेंटर चालू कर दिए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के लिए 450 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की स्वीकृति मिल गई है। अब उसे जल्द से जल्द लाने की व्यवस्था की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी जिलों में होम आइसोलेशन की पूरी जानकारी प्रशासन के पास रहनी चाहिए तथा होम आइसोलेशन की अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। होम आइसोलेशन के मरीजों को दवाओं एवं चिकित्सा परामर्श के साथ ही आवश्यकता होने पर अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था भी की जाए। श्री चौहान ने निर्देश दिए कि कोरोना के टेस्ट के बाद उसकी रिपोर्ट 24 घंटे में आ जाए, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि टेस्ट कराने के बाद जब तक रिपोर्ट न आ जाए, व्यक्ति आइसोलेशन में रहे, अन्यथा संक्रमण फैलने की आशंका रहती है।

295 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की उपलब्धता

प्रदेश में वर्तमान में 295 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की उपलब्धता है, जिसे बढ़ाया जा रहा है। आइनोक्स गुजरात से 120 मीट्रिक टन तथा भिलाई से 112 मीट्रिक टन ऑक्सीजन प्राप्त होगी। केंद्र सरकार की स्वीकृति अनुसार कुल 450 मीट्रिक टन ऑक्सीजन प्रदेश को मिलेगी।

प्रदेश में अभी तक 42 हजार रेमडेसिविर इंजेक्शन प्राप्त हुए हैं। मायलान कम्पनी को 50 हजार रेमडेसिविर इंजेक्शन का ऑर्डर दिया गया है, जो शीघ्र प्रदेश को प्राप्त होंगे। इसके अलावा सिपला आदि कंपनियों से भी रेमडेसिविर इंजेक्शन क्रय किए जा रहे हैं।

प्रदेश में कोरोना के इलाज के लिए वर्तमान में कुल 37 हजार 719 बिस्तर हैं, जिनमें से 21 हजार 516 सरकारी अस्पतालों में तथा 16 हजार 213 निजी अस्पतालों में हैं।

मध्यप्रदेश में प्रारंभ हुए 94 कोविड केयर सेंटर - मुख्यमंत्री

भोपाल, रेमडेसिविर इंजेक्शन की आपूर्ति और ऑक्सीजन व्यवस्था के लिए युद्ध स्तर पर कार्य जारी है। प्रदेश के जिलों में 94 कोविड केयर सेंटर का संचालन आरंभ हो गया है। प्रत्येक जिले को 2 करोड़ रुपये व्यवस्था के लिए उपलब्ध कराये गये हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री राहत कोष से प्रत्येक जिले को एक-एक करोड़ रुपये अलग से जारी किये गये हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी कलेक्टर्स, कमिश्नर्स, एसपी और आईजी से वर्चुअल चर्चा के दौरान कहीं।

इन्दौर पहुंचे 9 हजार 264 रेमडेसिविर इंजेक्शन

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बताया गया कि इन्दौर एयरपोर्ट पहुंचे 200 बॉक्स में कुल 9 हजार 264 रेमडेसिविर इंजेक्शन आए हैं। इनमें से स्टेट प्लेन के माध्यम से 42 बॉक्स भोपाल, 7 रतलाम और 4 खंडवा पहुंचाये गए। इसी तरह स्टेट प्लेन से 19 बॉक्स ग्वालियर, 18 रीवा, 39 जबलपुर और 14 सागर पहुंचाये गये हैं। इन्दौर के लिए 57 रेमडेसिविर इंजेक्शन के बॉक्स दिये गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि सभी कलेक्टर्स कोरोना संक्रमण का पूरी ऊर्जा के साथ मुकाबला करें। नागरिकों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। सावधानियों का पूरी तरह पालन हो। ऑक्सीजन, औषधियों और बिस्तरों की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक कार्यों को यथा समय पूर्ण किया जाए। श्री चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा प्रदेश के कलेक्टर्स से चर्चा कर कोरोना संक्रमण की रोकथाम और प्रबंधन के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी भी प्राप्त की।

कोरोना कर्फ्यू का कड़ाई से पालन हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना कर्फ्यू का कड़ाई से पालन हो। जहां कोरोना कर्फ्यू नहीं लगा है वहां आवश्यक हो तो करोना कर्फ्यू लगाया जाए। जिलों में प्रभारी बनाए गए मंत्रियों से भी कलेक्टर्स परामर्श करें, मुख्यमंत्री कार्यालय और स्वास्थ्य विभाग से भी सतत् संपर्क में रहें। श्री चौहान ने कहा कि कुछ जिलों में नवाचार भी हुए हैं, जैसे भोपाल में ऑक्सीजन के लिए टैंकर की व्यवस्था की गई।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

10 अप्रैल

यूरोपीय संस्था ने एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन से ब्लड क्लॉटिंग की पुष्टि की

● यूरोपीय औषधि नियामक संस्था (इएमए) ने कहा है कि उसे ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका की कोरोना वैक्सीन से रेयर ब्लड क्लॉटिंग (खून का थक्का) होने का लिंक मिला है। इएमए ने कहा कि इस वैक्सीन से फायदा इतना है कि रेयर ब्लड क्लॉटिंग की घटनाओं को नजरअंदाज किया जा सकता है। इएमए ने कहा कि यह वैक्सीन लोगों को कोरोना से बचाने में मददगार है, ऐसे में इस वैक्सीन पर किसी भी तरह का प्रतिबंध नहीं लगाया जायेगा। उल्लेखनीय है कि ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका की कोरोना वैक्सीन लगने के बाद कुछ लोगों में ब्लड क्लॉटिंग होने के मामले सामने आये थे, जिसके बाद कई यूरोपीय देशों ने इस वैक्सीन के इस्तेमाल पर रोक लगाई थी।

● दक्षिण कोरिया ने पूर्णतः स्वदेशी रूप से विकसित फाइटर जेट केएफ-21 सुपर सोनिक लड़ाकू विमान का प्रोटोटाइप जारी किया है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे इन ने एक कार्यक्रम में इस लड़ाकू विमान का अनावरण किया है। यह दक्षिण कोरिया का पहला स्वदेशी लड़ाकू विमान है। इस विमान को कोरिया एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने विकसित किया है। इस विमान को अमेरिका के अत्याधुनिक विमान एफ-35 के किफायती विकल्प के तौर पर तैयार किया गया है। इस विमान को हवा से हवा तथा हवा से सतह पर प्रहार करने वाली मिसाइलों से लैस किया जायेगा।

● कैरिबियाई द्वीप सेंट विंसेंट में दशकों से सुप्त लॉ सॉफरियर ज्वालामुखी एकाएक सक्रिय हो गया है। इस ज्वालामुखी में विस्फोट के बाद लावा के साथ धुएं और राख का गुबार उठा। विस्फोट के बाद स्थानीय प्रशासन ने ज्वालामुखी के नजदीक रहने वाले हजारों लोगों को सड़क तथा समुद्री मार्ग के जरिये सुरक्षित निकाला। क्षेत्र में लोगों का पलायन जारी है। उल्लेखनीय है कि सेंट विंसेंट तथा ग्रेनेडाइंस द्वीप में वर्ष 1979 के बाद पहली बार इस ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ है।

11 अप्रैल

चीन सीमा पर माउंटेन स्ट्राइक कोर में बढ़ेंगे 10 हजार सैनिक

● चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच भारतीय सेना अपनी उत्तरी सीमा पर तैनात माउंटेन स्ट्राइक कोर में 10 हजार और सैनिकों की तैनाती करेगी। इस कोर पर चीन से लगी सीमा की सुरक्षा तथा सैन्य अभियानों की जिम्मेदारी है। माउंटेन स्ट्राइक कोर को मजबूत करने की वजह चीन सीमा पर चौकसी बढ़ाना है। इसके लिये चीन से लगी पूर्वी सीमा पर तैनात 10 हजार सैनिकों की एक मौजूदा डिवीजन को 17वीं माउंटेन स्ट्राइक कोर से जोड़ा गया है। अब सेना इस कोर की हथियार क्षमता बढ़ाने की भी तैयारी कर रही है। उल्लेखनीय है कि माउंटेन स्ट्राइक कोर का मुख्यालय पश्चिम बंगाल के पानागढ़ में है। यह कोर पहाड़ी युद्ध में सबसे दक्ष है।

● ब्रिटेन ने शुल्क मुक्त वीजा की अवधि को एक वर्ष के लिये बढ़ा दिया है। इसके तहत ब्रिटेन में कार्यरत ऐसे चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी जिनका वीजा एक अक्टूबर या इससे पहले खत्म हो रहा था, अब उन्हें बिना किसी शुल्क के बढ़ाया गया है। ब्रिटिश सरकार के इस फैसले का फायदा विश्वभर के 14 हजार वीजा धारकों को मिलेगा। इनमें भारतीय डॉक्टर्स और स्वास्थ्यकर्मी भी शामिल हैं। ब्रिटेन ने कहा कि कोरोना महामारी के चलते देश में इस समय बड़ी संख्या में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की जरूरत है। विदेशी स्वास्थ्यकर्मी बिना रुकावट अपने काम में लगे रहे इसके लिये उन्हें वीजा नवीनीकरण की लंबी औपचारिकता से मुक्त रखा गया है।

● अमेरिका और ईरान के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता जल्द शुरू हो सकती है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार हाल ही में यूरोपीय संघ, चीन और रूस के साथ हुई वार्ता के बाद इस संबंध में प्रगति हुई है। माना जा रहा है कि आगामी दिनों में विएना में अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते पर वार्ता शुरू हो जायेगी। अमेरिका ने कहा कि अगर ईरान अपने दायित्वों का पालन करता है, तो हम उस पर लगे प्रतिबंध हटाने को तैयार हैं।

12 अप्रैल

केंद्रीय विद्यालयों ने स्थगित कीं कक्षा दसवीं और बारहवीं की प्रायोगिक परीक्षाएं

● देश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुये केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) ने दिल्ली रीजन की अप्रैल में

आयोजित होने वाली कक्षा दसवीं तथा बारहवीं की प्रायोगिक परीक्षाओं को स्थगित करने का फैसला लिया है। केवीएस ने अन्य रीजन से कहा है कि वे कोरोना संक्रमण की स्थिति को देखते हुये स्थानीय प्रशासन से चर्चा कर निर्णय लें। केवीएस ने सभी केंद्रीय विद्यालयों से कक्षा दसवीं और बारहवीं की बची हुई प्री-बोर्ड परीक्षाएं ऑनलाइन कराने के निर्देश भी दिये हैं। केवीएस ने शिक्षा मंत्रालय से चर्चा करने के बाद सभी स्कूलों के लिये दिशा-निर्देश भी जारी किये हैं। केवीएस ने सभी स्कूलों को सभी कक्षाओं का संचालन ऑनलाइन करने के निर्देश दिये हैं।

● विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सम्पन्न देशों से अतिरिक्त कोरोना वैक्सीन का वितरण गरीब देशों में करने का अनुरोध किया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि कुछ विकसित देशों जैसे- ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और ग्रीस ने अपनी कम उम्र की आबादी को ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन नहीं देने का फैसला किया है। इन देशों के पास कोरोना संक्रमण से बचाने वाली वैक्सीन का बड़ा भंडार मौजूद है। ऐसे में ये देश अतिरिक्त वैक्सीन को गरीब देशों की जरूरतमंद लोगों के लिये दें।

● म्यांमार में सैन्य तख्तापलट के बाद हिंसा का दौर लगातार जारी है। सेना ने यंगून के निकट बागो शहर में लोकतंत्र के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे लोगों पर गोलीबारी की। इस गोलाबारी में 80 से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो गई। वहीं सेना ने कहा कि प्रदर्शन के कारण 10 पुलिसकर्मियों की भी मौत हुई है। उल्लेखनीय है कि म्यांमार में सैन्य तख्तापलट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में अब तक 600 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों की मौत हो चुकी है।

13 अप्रैल

केंद्रीय कृषि मंत्री ने लॉन्च किया राष्ट्रीय नर्सरी पोर्टल

● केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने राष्ट्रीय नर्सरी पोर्टल लॉन्च किया। यह पोर्टल नर्सरी संचालकों और उपभोक्ताओं के बीच सेतु का काम करेगा। इस पोर्टल को राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड ने डेवलप किया है। इस पोर्टल से नर्सरी में पौधों की उपलब्धता और गुणवत्तापूर्ण सामाग्री के बारे में सूचना मिलेगी। यह पोर्टल नर्सरी संचालकों को अपने उत्पाद की बाजार मांग का आकलन करने में भी मदद करेगा। पोर्टल लॉन्च करते हुये कृषि मंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था को गति देने में बागवानी का क्षेत्र संभावित कृषि उद्यम के रूप में उभरा है। बागवानी के माध्यम से युवा बड़े उद्यमी बनकर देश की जीडीपी में योगदान दे सकते हैं।

● ताइवान और अमेरिका के बीच बेहतर होते संबंधों पर चीन ने सख्त एतराज जताया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजिया ने कहा कि अमेरिका ताइवान के मुद्दे पर आग से खेल रहा है। अमेरिका को ताइवान के अधिकारियों से सम्पर्क को तुरंत बंद करना चाहिये। लिजिया ने कहा कि अमेरिका की ताइवान को लेकर जारी की गई गाइडलाइंस की चीन कड़ी निंदा करता है। इसी बीच अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने चीन को चेतावनी देते हुये कहा कि अगर कोई ताइवान को नुकसान पहुंचायेगा, तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने के लिये तैयार रहना होगा।

● नातांज परमाणु संयंत्र पर हमले के बाद ईरान ने कहा कि वह 60 प्रतिशत तक यूरेनियम संवर्धन शुरू करेगा। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार ईरान के परमाणु वार्ताकार अब्बास अरगची ने विएना में इसकी घोषणा की। इससे पहले ईरान के विदेश मंत्री जावेद जरीफ ने कहा था कि परमाणु संयंत्र पर हमले से वैश्विक ताकतों के साथ परमाणु समझौते को लेकर चल रही प्रक्रिया को नुकसान पहुंच सकता है।

14 अप्रैल

फुकुशिमा संयंत्र का रेडियोधर्मी पानी समुद्र में छोड़ेगा जापान

● जापान फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से 10 लाख टन रेडियोधर्मी पानी समुद्र में छोड़ने जा रहा है। जापान सरकार ने इस संबंध में जरूरी मंजूरी प्रदान की है। जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा ने बताया कि इस रेडियोधर्मी पानी से लगभग सभी रेडियोधर्मी तत्वों को हटाने की प्रक्रिया की जा रही है। इसके बाद ही इस पानी को समुद्र में छोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने भी इसका समर्थन किया है। जापान सरकार के इस फैसले का मछुआरों और चीन, फिलीपींस तथा दक्षिण कोरिया ने विरोध किया है। उल्लेखनीय है कि जापान में मार्च 2011 में भूकंप तथा सुनामी के कारण फुकुशिमा परमाणु संयंत्र पूरी तरह तबाह हो गया था। इसके बाद टोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी ने इस संयंत्र के लगभग 10 लाख टन से अधिक रेडियोधर्मी पानी को टैंकों में जमा कर रखा है।

● वैज्ञानिकों ने मल्टीपल फ्रैक्चर को ठीक करने के लिये नई तकनीक इजाद की है। लखनऊ के केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान (सीडीआरआई) के वैज्ञानिकों ने हड्डियों को जोड़ने के लिये लेक्टोफेरीन पेपटाइड से एलपी-2 नामक इंजेक्शन बनाया है। यह इंजेक्शन रक्त के साथ संबंधित जगह जाकर हड्डी को दुरुस्त कर फ्रैक्चर जोड़ेगा। सीडीआरआई के वैज्ञानिकों का दावा है कि हड्डी जोड़ने के लिये इंजेक्शन से दी जाने वाली यह दुनिया की पहली दवाई है। उल्लेखनीय है कि एक रिपोर्ट के अनुसार मल्टीपल फ्रैक्चर के 20 प्रतिशत मामलों में सर्जरी की जरूरत होती है।

15 अप्रैल

सीबीएसई ने स्थगित कीं बारहवीं की परीक्षाएं

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बारहवीं कक्षा की परीक्षा को स्थगित तथा दसवीं कक्षा की परीक्षा को रद्द कर दिया है। देश में

कोरोना महामारी के बढ़ते संक्रमण को देखते हुये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक तथा शिक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया। सीबीएसई ने कहा कि दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं, लिहाजा बोर्ड द्वारा तय मापदंड के अनुसार आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के रिजल्ट्स जारी किये जायेंगे। अगर कोई विद्यार्थी इस रिजल्ट से संतुष्ट नहीं होता है तो उसे स्थिति सामान्य होने के बाद परीक्षा में बैठने का मौका दिया जायेगा। वहीं बारहवीं कक्षा की परीक्षा का कार्यक्रम एक जून को कोरोना की स्थिति देखकर तैयार किया जायेगा। विद्यार्थियों को तय समय से 15 दिन पूर्व परीक्षा के बारे में सूचित किया जायेगा।

● अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि इस वर्ष 11 सितम्बर तक अमेरिका के सभी सैनिकों को युद्धग्रस्त अफगानिस्तान से वापस बुलाने की योजना पर काम किया जा रहा है। बाइडेन ने कहा कि यह अफगानिस्तान में अमेरिका की सबसे लंबी लड़ाई के समापन का समय है और यह एक ऐसी जिम्मेदारी है, जिसे वह पूरा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस युद्ध में लगातार संसाधनों की आपूर्ति नहीं कर सकता है। उल्लेखनीय है कि 11 सितम्बर 2001 को अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित ट्रेड टॉवर पर आतंकी हमला हुआ था, इसके बाद अमेरिका ने अफगानिस्तान में तालिबान के खिलाफ युद्ध का मोर्चा खोल दिया था।

● राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने वायु की गुणवत्ता की स्थिति में सुधार को लेकर प्रभावी कदमों की निगरानी के लिये एक आठ सदस्यीय राष्ट्रीय कार्य बल (एनटीएफ) का गठन किया है। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए.के. गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि हर वर्ष वायु प्रदूषण के कारण देश में लगभग 15 लाख लोगों की मौत होती है। समय की मांग है कि सरकार वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिये सभी स्तर पर समग्र और समन्वित प्रयास करें।

16 अप्रैल

केंद्र सरकार ने स्थगित की नीट पीजी परीक्षा

● देश में लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के मामलों के मद्देनजर केंद्र सरकार ने नीट (राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा) पीजी को स्थगित कर दिया है। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा की नई तारीखों की घोषणा कोरोना महामारी की स्थिति की समीक्षा के बाद की जायेगी। उन्होंने कहा कि युवा मेडिकल छात्रों के स्वास्थ्य तथा सुरक्षा को ध्यान में रखकर नीट पीजी परीक्षा को टालने का फैसला किया गया है। उल्लेखनीय है कि देशभर के मेडिकल कॉलेजों में पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये नीट पीजी परीक्षा 18 अप्रैल को होना प्रस्तावित थी। इस परीक्षा के लिये देशभर से 1.70 लाख विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

● अमेरिका और रूस क बीच गतिरोध बढ़ने लगा है। अमेरिका ने रूस के 10 राजनयिकों को देश से निकालने की घोषणा की है। साथ ही छह रूसी कंपनियों और 32 लोगों पर प्रतिबंध भी लगाया है। यह कार्यवाही पिछले वर्ष राष्ट्रपति चुनाव में रूसी दखल और संघीय एजेंसियों में सेंधमारी के लिये रूस को जवाबदेह बनाने के लिये की गई है। वाइडेन प्रशासन का मानना है कि ये रूसी कंपनियां अमेरिका में अवैध साइबर गतिविधियां चला रही थीं। जिन रूसी राजनयिकों को अमेरिका ने देश से निष्कासित किया है, उनमें रूसी खुफिया सेवाओं के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

● भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष अभियान मिशन गगनयान में सहयोग के लिये भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) तथा फ्रांस की अंतरिक्ष एजेंसी सीएनईएस के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गये हैं। भारत की यात्रा पर आये फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां इवलि ड्रीयां ने इसरो मुख्यालय में इस समझौते की घोषणा की। फ्रांसीसी एजेंसी मिशन गगनयान में इसरो की मदद करेगी तथा एकल यूरोपीय सहयोगी के रूप में सेवा देगी।

आर्सेनिक एल्ब-30 का वितरण करायेगा आयुष विभाग

भोपाल, शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय ने औषधि आर्सेनिक एल्ब-30 का वितरण भोपाल शहर के सभी वार्डों में युद्ध-स्तर पर करवाये जाने के निर्देश जारी किये हैं। आयुष मंत्रालय और संचालनालय आयुष के निर्देशानुसार कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये आर्सेनिक एल्ब-30 का वितरण किया जा रहा है।

साथ ही औषधि वितरण का डॉक्यूमेंटेशन भी निर्धारित प्रपत्र में अनिवार्य रूप से करने को कहा गया है। इसके लिये पी.जी. स्कॉलर्स और इंटर्नर्स की टीम चिकित्सा अधिकारियों के दिशा-निर्देशों में बनाकर नियमित रूप से कोरोना प्रतिरोधक औषधि का वितरण कराये जाने के लिये अन्य आदेश तक आदेशित किया है। औषधि वितरण की मॉनीटरिंग एवं दैनंदनिक रूप से संचालनालय को जानकारी भेजने के लिये चिकित्सालय की अधीक्षक डॉ. सुनीता तोमर को अपने कार्य के साथ नोडल अधिकारी बनाया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

वर्ष 38, अंक 16 19.04.2021 से 25.04.2021

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार वनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-

रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011

फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

समाज और सरकार मिलकर लड़ें कोरोना से

जब तक कोरोना पूरी तरह नियंत्रित नहीं होता, समाज और सरकार को मिलकर लड़ना होगा। जन सहयोग से ही इस संक्रमण को नियंत्रित किया जा सकता है। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री भोपाल स्थित मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जिलों के क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप्स के सदस्यों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऑक्सीजन की कमी नहीं होगी। ऑक्सीजन की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। कई बार कमी की खबरों के संदर्भ में संग्रहण की प्रवृत्ति बढ़ जाती है। कालाबाजारी और संग्रहण पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। 90 प्रतिशत ऑक्सीजन अस्पतालों के लिये सुरक्षित कर दी गई है। उद्योगों को 10 प्रतिशत ऑक्सीजन ही दी जायेगी। कोरोना संक्रमित रोगियों के लिये प्राथमिकता से ऑक्सीजन की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों में सीटी स्कैन की व्यवस्था जल्द से जल्द की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना को नियंत्रित करने के लिये 3 दिशाओं में कार्य किया जा रहा है। जन-जागरूकता द्वारा फेस मास्क का उपयोग, उचित दूरी और बार-बार हाथ धोने जैसे व्यवहार को प्रोत्साहित किया जा रहा है। कोरोना रोगी के बेहतर उपचार एवं देखभाल के लिये हरसंभव व्यवस्था की जा रही है। मध्यप्रदेश में वैक्सीनेशन को गति दी जा रही है। राज्य में ऑक्सीजन व्यवस्था के लिये निरंतर समीक्षा की जा रही है। एक नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 45 वर्ष से अधिक आयु वाले प्रत्येक व्यक्ति को वैक्सीन लगवाना चाहिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नागरिक प्रदेश में जन-जागरण में सहयोग दें। आम नागरिकों द्वारा कोविड के दृष्टिगत अनुकूल व्यवहार की व्यवस्था है। आम जन से आग्रह है कि लोग घरों से अनावश्यक रूप से न निकलें और संक्रमण रोकने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधि जनता को मास्क के उपयोग की समझाइश दें। इस क्षेत्र में कार्य कर रहे वालंटियर सक्रिय हैं। अनेक स्वैच्छिक संगठन भी कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बैतूल, छिंदवाड़ा, बड़वानी, खरगोन, अलीराजपुर और झाबुआ जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण अधिक फैल रहा है। यहां किल कोरोना-II अभियान शुरू किया जायेगा। इसके अंतर्गत ग्राम स्तर पर सर्वे कर प्रभावित व्यक्तियों की जांच और इलाज की व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बिस्तर क्षमता बढ़ाई जा रही है। प्रत्येक जिले में सीसीसी ज्यादा सक्षम बनाये जायेंगे। करीब एक लाख इंजेक्शन की व्यवस्था कर आपूर्ति प्रारंभ हो चुकी है। भारत सरकार से अतिरिक्त वेंटीलेटर मिल रहे हैं। निजी अस्पतालों से अनुबंध कर रोगियों के लिये व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि निजी अस्पतालों में जांच की दरें निर्धारित कर दी गई हैं। निजी अस्पतालों द्वारा तय की गई दरों को अस्पताल में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करना आवश्यक किया गया है। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि जनता से तय राशि से अधिक वसूली न हो। राज्य स्तर पर हॉस्पिटल एडमिशन प्रोटोकाल भी जारी किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों के आपदा प्रबंधन समूह स्थानीय परिस्थितियों का आकलन कर लॉकडाउन अवधि और स्वरूप के संबंध में निर्णय लें। मुख्यमंत्री ने बड़वानी के समूह से लॉकडाउन बढ़वाने और महाराष्ट्र से आ रहे श्रमिकों के संबंध में चर्चा के बाद निर्देश दिये कि महाराष्ट्र से मध्यप्रदेश की सीमा पर पहुंचने वाले श्रमिकों को उनके गांवों तक पहुंचाने के लिये वाहन की व्यवस्था की जाये। साथ ही ग्राम स्तर पर उनके आइसोलेशन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मध्यप्रदेश में कोरोना की स्थिति बिगड़ती जा रही है। शासन द्वारा हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं कि कोरोना से पीड़ित व्यक्ति को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। उम्मीद है शासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों से बेहतर परिणाम मिलेंगे।

कसरत से पहले कॉफी आपको तन्दरुस्त रखेगी

हाल ही में हुये एक अध्ययन में यह बात कही गई है कि कसरत करने से पहले कॉफी पीना शरीर के लिये फायदेमंद हो सकता है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया है कि कसरत करने से 30 मिनट पहले कॉफी पीना लाभदायक हो सकता है। यह वसा को जलाने में मदद करती है। स्पेन के ग्रेनेडा विश्वविद्यालय के अध्ययनकर्ताओं ने यह पाया है कि कैफीन वसा ऑक्सीकरण को बढ़ाता है। इससे फैट को बर्न होने में मदद मिलती है। यह सर्वविदित है कि कैफीन की गिनती दुनिया में सबसे अधिक खपत वाले पदार्थों में होती है। कैफीन के मनुष्य को फायदा पहुंचाने के बारे में अभी तक कम ही अध्ययन हुआ है। आमतौर पर वसा में ऑक्सीकरण को बढ़ाने के लिये सुबह खाली पेट कसरत की सिफारिश की जाती है। एथलेटिक प्रदर्शन पर कैफीन के प्रभावों को समझने के लिये अध्ययनकर्ताओं ने 15 पुरुष प्रतिभागियों को सात दिन के अंतराल पर चार बार एक व्यायाम परीक्षण पूरा करने के लिये कहा। इस दौरान उनके फैट बर्न स्तर को भी नियमित मापा गया। प्रतिभागियों ने 3 एम.एल./किग्रा. कैफीन सुबह आठ बजे लिया। शाम को पांच बजे एक प्लेसबो लिया। नतीजों से पता चला कि कैफीन का सेवन करने वाले प्रतिभागियों ने प्लेसबो लेने वालों की तुलना में अधिक फैट बर्न किया। अध्ययन का नेतृत्व करने वाले डॉक्टर फ्रांसिस्को जोस अमाटो गरेटे ने बताया कि हमारे अध्ययन के परिणामों से पता चला है कि ऐरोबिक व्यायाम परीक्षण करने से 30 मिनट पहले कैफीन वसा ऑक्सीकरण को बढ़ाने में सहायक है।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल

वातावरण की रक्षा के प्रति जन जागरूकता से ही बचेगी पृथ्वी

पृथ्वी और उस पर उपलब्ध वातावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विश्व के अधिकांश देशों में प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को 'पृथ्वी दिवस' (अर्थ डे) मनाया जाता है। वर्ष 1970 में पहली बार वैश्विक स्तर पर पृथ्वी दिवस मनाया गया था। इस दिवस के आयोजन का मुख्य मंतव्य जीव-जगत की रक्षा और इसके लिये पृथ्वी की सतह पर उपलब्ध वातावरण और पर्यावरण के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक बनाना है। इसके बाद से ही इस दिन को 193 से भी अधिक देशों ने अंगीकार किया।

पृथ्वी दिवस की गतिविधियों में दुनियाभर से करोड़ों लोग हर साल हिस्सा लेते हैं। इस वजह से यह दुनिया का सबसे बड़ा नागरिक आंदोलन है। जब वर्ष 1970 में पहली बार 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया था तो बीस मिलियन अमेरिकी लोगों ने इसमें भाग लिया था। इस कार्यक्रम में हर समाज, वर्ग और क्षेत्र के लोग हिस्सा लेते हैं।

एक दुर्घटना के कारण इस तिथि को मनाते हैं पृथ्वी दिवस

पृथ्वी दिवस को 22 अप्रैल को मनाये जाने की कथा भी बड़ी मार्मिक है। वर्ष 1969 में कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में एक तेलवाहक पोत से भारी तेल रिसाव हुआ। समुद्र में तेल के रिसाव से हजारों समुद्रीय पक्षी, डाल्फिन, सील और सी-लायंस मारे गए। इस भारी बर्बादी से अमेरिकी सीनेटर गेलार्ड नेल्सन बेहद दुखी हुए। उन्होंने पर्यावरण को लेकर कुछ करने का फैसला किया। इसके बाद 22 अप्रैल 1970 के दिन लगभग दो करोड़ अमेरिकी लोगों ने पृथ्वी दिवस के पहले आयोजन में भाग लिया था। तब से ही विश्व में इस तिथि को पृथ्वी दिवस मनाया जाने लगा। वैसे यह एक समुद्रीय दुर्घटना थी मगर सीनेटर नेल्सन ने इसे पृथ्वी के एक हिस्से में घटी दुर्घटना ही माना और विश्व को पृथ्वी रक्षा के लिये सचेष्ट किया।

पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य प्राकृतिक सन्तुलन को बढ़ावा देना है

पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को पृथ्वी के प्रति और पृथ्वी पर मौजूद सीमित संसाधनों के प्रति जागरूक करना था। इस दिन की शुरुआत ग्रह की सम्पत्ति का सम्मान और इस प्राकृतिक सम्पत्ति की बढ़ोतरी को प्रोत्साहित करने के साथ ही लोगों के बीच प्राकृतिक संतुलन को बढ़ावा देने के लिए की गई है। यदि मनुष्य स्वस्थ और जीवित रहना चाहता है तो उसके लिए पर्यावरण के मसलों पर ध्यान देना आवश्यक है और इसकी अहमियत को समझना और स्वीकार करना भी जरूरी है। इस दिन यही सीख विभिन्न माध्यमों से दी जाती है। इस दिन यह बताया जाता है कि धरती पर रहने वाले हम लोगों की रक्षा ओजोन परत करती है। यह हमें सूरज की हानिकारक किरणों से बचाती है, लेकिन इस परत में छेद हो गया है। इस छेद का कारण पृथ्वी पर बढ़ता प्रदूषण और उद्योगों से निकलने वाले जहरीले पदार्थ आदि हैं। यहां तक कि ग्लेशियर भी समय के साथ-साथ पिघलने लगे हैं और ऐसे में अब इंसानों का सतर्क होना बहुत ही आवश्यक हो गया है और अब हमें पर्यावरण को सुरक्षित करने की दिशा में अहम कदम उठाने होंगे। इसी वजह से हर साल 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है।

कोरोना कहर के बीच महसूस हुआ कि धरती भी सांस लेती है

कोरोना संक्रमण के चलते देश में फैली महामारी चिंता का विषय है, लेकिन इसके चलते हुए लॉकडाउन के बाद से प्रकृति प्रेमियों में एक आशा जागी है।

उनका कहना है कि प्रकृति को अब सांस लेने में दिक्कत नहीं हो रही है। आमतौर पर कम दिखने वाली गौरैया की चहचहाट सुनाई दे रही है। ध्वनि प्रदूषण का कोलाहल कम हुआ है। जो प्रकृति और जीव-जन्तुओं के जीवन के लिए अच्छा संकेत है। पिछले वर्ष पृथ्वी दिवस पर इसी बदलाव का विश्लेषण किया गया तो पता चला गंगा का पानी पहले की अपेक्षा साफ हो गया है। सैटेलाइट की तस्वीरों ने बताया कि शहरों में प्रदूषण के लिए जिम्मेदार नाइट्रोजन डाइऑक्साइड गैस में भारी कमी आई है साथ ही कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा में भी भारी गिरावट देखी गई है। इस दौर में हवा और नदियां साफ जरूर हुई हैं, लेकिन हमेशा के लिए नहीं। लॉकडाउन खुलने के बाद सब फिर से वैसा ही हो जाएगा। ऐसे में आवश्यकता इस बात की है कि इस ओर भी ध्यान दिया जाए। नदी, पर्यावरण और वन्यजीवों की स्थिति में सुधार हुआ है उसे बरकरार रखा जाए तभी पृथ्वी दिवस को मनाए जाने की सार्थकता है।

आयोजन का ध्येय वाक्य दर्शाता है हमारा मंतव्य क्या हासिल करना है?

प्रतिवर्ष पृथ्वी दिवस पर एक ध्येय थीम तय की जाती है जो यह दर्शाती है कि हम इस एक दिन किस लक्ष्य को हासिल करना चाहते हैं। वर्ष 2021 में पृथ्वी दिवस की थीम 'रीस्टोर अवर अर्थ' अर्थात् 'हमारी पृथ्वी को पुनर्संगठित करें' रखी गयी है। इस वर्ष आयोजक द्वारा 20 से 22 अप्रैल तक तीन दिन का क्लाइमेट एक्शन कार्यक्रम रखा गया है। कई बार इस अवसर पर 'अर्थ वीक' अर्थात् 'पृथ्वी सप्ताह' भी मनाया जाता है और इस दौरान पूरे हफ्ते कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है और पर्यावरण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जाती है।

इस दिन पर्यावरण सम्बन्धित जिन मुद्दों पर व्यापक चर्चा की जाएगी, इसमें जलवायु परिवर्तन से लेकर प्रदूषण नियंत्रण और डीफॉरेस्टेशन तक के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। वर्ष 2021 के इस कार्यक्रम में संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने विश्व के चालीस प्रमुख नेताओं को एक वर्चुअल समिट का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया है। इस वर्ष के ध्येय वाक्य का उद्देश्य है कि कोविड-19 से उभरते हुए किस तरह के दुनिया में पर्यावरण को हुए नुकसान को कम किया जाए और आने वाले समय में हमारे द्वारा पृथ्वी को पहुंचाए गए नुकसान की भरपाई की जाए।

पिछले वर्षों में पृथ्वी दिवस पर कई महत्वपूर्ण विषयों पर विमर्श हुआ

पृथ्वी दिवस पर प्रतिवर्ष एक ध्येय (थीम) तय करने का उद्देश्य लोगों को जागरूक करने का होता है। इसके लिए हर साल अलग-अलग ध्येय का चुनाव किया जाता है, ताकि लोगों को अधिक अच्छी तरह से पर्यावरण से जुड़े मुद्दों के प्रति जागरूक किया जाए।

कभी धरती के प्रति दयालु बनने और संसाधनों को बचाने के संदेश दिये गये तो कभी पेड़ हमारे जीवन के लिए अहम हैं और इस वजह से न सिर्फ पेड़ लगाने अपितु पेड़ किसी कारण से काटना पड़े तो दोबारा पेड़ लगाने के संदेश भी दिये गये। पृथ्वी और उसकी समस्या से जुड़े रहने, पृथ्वी पर उपलब्ध संसाधनों के मितव्ययिता से उपयोग करने, प्रदूषण रोककर वायु मण्डल को स्वच्छ रखने और पृथ्वी को बचाने के लिये संगठित प्रयास के संदेश भी दिये गये। जलवायु परिवर्तन पर सतत निगरानी रखने, पृथ्वी पर हरीतिमा के विकास करने और पृथ्वी पर उपलब्ध जल को संरक्षित करने की बात इस दिन की जाती है। पृथ्वी पर सघन वृक्षारोपण, जलवायु और पर्यावरण के प्रति सामान्यजन को साक्षर और उत्तरदायी बनाने, पर्यावरण प्रदूषण के लिये उत्तरदायी प्लास्टिक का निर्माण और उपयोग प्रतिबंधित करने, विलुप्त होती वृक्ष प्रजातियों को बचाने और जलवायु में होने वाले परिवर्तन पर भी विमर्श किया जाता है।

गत वर्ष पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर धरती मां का आभार व्यक्त किया था। साथ ही प्रधानमंत्री ने देशवासियों से पृथ्वी के रूप में अपने गृह को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के संकल्प के लिये कहा था। प्रधानमंत्री ने अपने उस भावपूर्ण संदेश में धरती मां के इस अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर उनके द्वारा हम सभी की देखभाल और अपार करुणा के लिए अपने गृह का आभार व्यक्त किया था। पीएम ने यह भी कहा था कि आईए हम एक स्वच्छ, स्वस्थ और अधिक समृद्ध पृथ्वी बनाने की दिशा में काम करने का संकल्प लें और कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी को हराने के लिए काम कर रहे सभी योद्धाओं का आभार मानें।

पृथ्वी दिवस पर अपेक्षित है अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

पर्यावरण की समस्याओं को हल करने और बेहतर तरीके से विकास करने के लिए प्रत्येक राष्ट्र द्वारा एक साथ आने के लिए पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस आयोजन का उपयोग राष्ट्र के विकास के लिए, भावी पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण देने और पर्यावरण संरक्षण के लिए अर्जित ज्ञान को जनसामान्य तक पहुंचाने में किया जाता है और यह लक्ष्य वैश्विक सहयोग के बिना हासिल होना मुश्किल है। वैश्विक सहयोग के लिये इस आयोजन में हर देश को पर्यावरण के मुद्दों को इकट्ठा करने और हल करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। अभिलेख से पता चलता है कि जब पहली बार पृथ्वी दिवस मनाया गया था, तब इस कार्यक्रम के लिए आने वाले प्रत्येक लोग पर्यावरणीय तथ्यों के बारे में अधिक जानने और इसे बेहतर बनाने के लिए उत्सुक थे। इसलिए प्रत्येक लोग पर्यावरण के विकास के लिए बेहतर विचारों और योजनाओं को प्राप्त करने के लिए इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बहुत खुश और महत्वाकांक्षी थे। विशेषज्ञ मानते हैं कि अब भी पृथ्वी की रक्षा के लिये वही मनोभाव जरूरी है।

पृथ्वी दिवस पर हमारा अवदान भी महत्वपूर्ण हो सकता है

पृथ्वी दिवस पर ऐसे कई तरीके हैं, जिससे हम अकेले एक व्यक्ति के रूप में और सामूहिक रूप से भी धरती को बचाने में योगदान दे सकते हैं। वैसे तो हमें हर दिन को पृथ्वी दिवस मानकर उसके संरक्षण के लिए कुछ न कुछ करते रहना चाहिए। लेकिन, अपनी व्यस्तता के बीच यदि पृथ्वी दिवस के दिन ही थोड़ा बहुत योगदान दें तो धरती के कर्ज को उतारा जा सकता है। पृथ्वी बहुत व्यापक शब्द है, जिसमें जल, हरियाली, वन्यप्राणी, प्रदूषण और इससे जुड़े अन्य कारक भी हैं। धरती को बचाने का आशय है इसकी रक्षा के लिए पहल करना। इसके लिये हम जो कोशिश करेंगे वह तो कारगर होगी ही हम इस दिशा में सामाजिक चेतना के प्रसार का काम भी कर सकते हैं।

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग के सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं।)

भारतीय वायुसेना / Indian Air Force

भारतीय वायु सेना में समूह 'ग' सिविलियन पदों की सीधी भर्ती

1.नीचे वर्णित विभिन्न वायु सेना केंद्रों/इकाइयों में निम्नलिखित समूह 'क' सिविलियन पदों की भर्ती के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन–पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। पात्र उम्मीदवार अपने आवेदन–पत्र संबंधित केंद्रों/इकाइयों के पते पर प्रेषित कर सकते हैं। पदों के विवरण नीचे दिए गए हैं:–

पश्चिमी वायु कमान इकाइयां

क्र. सं.	डाक पता	पद	रिक्तियों की कुल संख्या	श्रेणी, जिनके लिए पद चिन्हित किया जाना चाहिए						
				अना	अपिव	अजा	अजजा	ईडब्ल्यूएस	पीडब्ल्यूबीडी	भूपूसै
1.	कमांडिंग अधिकारी, एचक्यू डब्ल्यूएसी (यू) एएफ, सुब्रतो पार्क, नई दिल्ली पिन -110010	आशु. ग्रेड -II	03	01	01	-	-	01	-	01
		अधीक्षक (स्टोर)	01	01	-	-	-	-	-	-
		कुक (ओजी)	01	01	-	-	-	-	-	-
		हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस)	03	02	01	-	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	01	-	01	-	-	-	-	-
2.	एअर ऑफिसर कमांडिंग, एएफ स्टेशन श्रीनगर (ज. एवं क.) पिन-190007	कुक (ओजी)	03	01	-	-	02	-	-	-
		हिंदी टंकक	01	-	01	-	-	-	-	-
		हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस)	03	02	-	-	01	-	-	-
		मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	05	03	-	01	01	-	-	-
		मैस स्टाफ	03	03	-	-	-	-	-	-
3.	एअर ऑफिरार कमांडिंग, एएफ स्टेशन पालम, नई दिल्ली, पिन -110010	हिंदी टंकक	01	-	01	-	-	-	-	-
		एलडीसी	02	01	01	-	-	-	-	01
		हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस)	05	01	01	01	01	01	-	-
		लॉण्ड्रीमैन	01	01	-	-	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	04	03	01	-	-	-	-	-
4.	एअर ऑफिसर कमांडिंग, एएफ स्टेशन, अंबाला कैंट (हरियाणा), पिन-133001	आशु. ग्रेड -II	01	01	-	-	-	-	-	-
		हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस)	07	02	02	03	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	10	06	03	01	-	-	-	-
		मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	02	01	-	01	-	-	-	-
		सीएस एंड एसएमडब्ल्यू (एसके)	01	01	-	-	-	-	-	-
5.	एअर ऑफिसर कमांडिंग, एएफ स्टेशन, आदमपुर, डाकघर–आदमपुर (एडी) जिला–जालंधर (पंजाब), पिन– - 144103	अधीक्षक (स्टोर)	02	01	-	01	-	-	-	-
		स्टोर कीपर	02	01	01	-	-	-	-	-
		एलडीसी	01	01	-	-	-	-	-	-
		सीएमटीडी (ओजी)	02	01	-	-	-	01	-	-
		कुक (ओजी)	01	01	-	-	-	-	-	-
		कारपेंटर (एसके)	01	01	-	-	-	-	-	-
		हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस)	08	03	02	02	-	01	01 (सी)*	01
		लॉण्ड्रीमैन	01	01	-	-	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	04	02	-	02	-	-	-	01
		मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	05	02	01	01	-	01	-	01
6.	एअर ऑफिसर कमांडिंग, एएफ स्टेशन, हलवाड़ा–एडी तह. रायकोट, जिला लुधियाना (पंजाब) पिन–141106	आशु. ग्रेड -II	01	-	-	01	-	-	-	-
		अधीक्षक (स्टोर)	01	-	01	-	-	-	-	-
		स्टोर कीपर	01	-	01	-	-	-	-	-
		कुक (ओजी)	03	01	01	01	-	-	-	01
		कारपेंटर (एसके)	01	-	-	01	-	-	-	-
		हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस)	07	02	03	-	-	02	-	-
		हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस) (महिला सफाईवाली)	01	01	-	-	-	-	-	-
		आया/वार्ड सहायिका	01	01	-	-	-	-	-	-
		लॉण्ड्रीमैन	01	01	-	-	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	09	06	01	02	-	-	-	01
		वल्केनाइजर	01	01	-	-	-	-	-	-
		मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	11	02	02	03	-	04	-	-
7.	एअर ऑफिसर कमांडिंग, एएफ स्टेशन, चंडीगढ़, पिन - 160003	कारपेंटर (एसके)	01	-	01	-	-	-	-	-
		हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस)	03	02	01	-	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	09	04	04	01	-	-	-	-
		मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	12	06	03	02	-	01	-	01
		कुक (ओजी)	02	01	01	-	-	-	-	-
8.	एअर ऑफिसर कमांडिंग, एएफ स्टेशन, पठानकोट, तह. पठानकोट, जिला पठानकोट (पंजाब), पिन -145001	आशु. ग्रेड -II	01	-	-	01	-	-	-	-
		हिंदी टंकक	01	-	-	01	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	04	03	-	-	-	01	-	02
		पेंटर (एसके)	02	01	01	-	-	-	-	01
9.	एअर ऑफिसर कमांडिंग, एएफ स्टेशन, लेह, गांव–रिपतुक, डाकघर–लेह, लद्दाख (यूटी), पिन -194101	कुक (ओजी)	02	01	-	-	01	-	-	-
		मैस स्टाफ	01	01	-	-	-	-	-	-
		मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	01	01	-	-	-	-	-	-
10.	एअर ऑफिसर कमांडिंग, एएफ स्टेशन, सतवारी, जम्मू छावनी, डाकघर–सतवारी, तहसील और जिला जम्मू (ज. एवं क. सं. शा. प्रदेश), पिन -180003	कारपेंटर (एसके)	01	01	-	-	-	-	-	-
		पेंटर (एसके)	01	01	-	-	-	-	-	-

क्र.सं	डाक पता	पद	रिक्तियों की कुल संख्या	श्रेणी, जिनके लिए पद चिन्हित किया जाना चाहिए						
				अना	अपिव	अजा	अजजा	ईडब्ल्यूएस	पीडब्ल्यूबीडी	भूपूसै
11.	स्टेशन कमांडर, एएफ स्टेशन रजोकरी, नई दिल्ली, पिन-110038	आशु. ग्रेड -II	01	01	-	-	-	-	-	-
		अधीक्षक (स्टोर)	01	01	-	-	-	-	-	01
		एलडीसी	01	-	01	-	-	-	-	-
		कुक (ओजी)	03	01	01	01	-	-	-	-
		पेंटर (एसके)	01	01	-	-	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	10	05	02	-	01	02	-	-
		मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	08	04	02	01	-	01	-	-
		कारपेंटर (एसके)	01	01	-	-	-	-	-	-
		हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस)	03	02	01	-	-	-	-	-
12.	एअर ऑफिसर कमांडिंग, एएफ स्टेशन, हिंडन, गाजियाबाद (उ.प्र.), पिन-201004	कुक (ओजी)	05	02	01	-	01	01	-	01
		मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	03	03	-	-	-	-	-	-
		हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस)	42	20	14	-	04	04	01(बी)*	08
		हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस) (महिला सफाईवाली)	01	01	-	-	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	13	10	01	-	01	01	-	02
		वल्केनाइजर	01	01	-	-	-	-	-	-
13.	एअर ऑफिसर कमांडिंग, एएफ स्टेशन, सरसावा, सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) पिन -247232	हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस)	04	02	02	-	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	05	04	-	-	01	-	-	-
		मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	05	04	-	-	-	01	-	-
14.	एअर ऑफिसर कमांडिंग, एएफ स्टेशन, भिसियाना, तहसील और जिला भटिण्डा (पंजाब), पिन -151201	हिंदी टंकक	01	-	-	-	-	01	-	-
		अधीक्षक (स्टोर)	01	-	01	-	-	-	-	-
		मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	05	03	01	01	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	01	01	-	-	-	-	-	-
15.	एअर ऑफिसर कमांडिंग, एएफ स्टेशन, सूरतगढ़, जिला श्रीगंगानगर (राजस्थान), पिन-335804	आशु. ग्रेड -II	01	-	01	-	-	-	-	-
		अधीक्षक (स्टोर)	01	-	01	-	-	-	-	-
		स्टोर कीपर	01	-	-	01	-	-	-	-
		कुक (ओजी)	01	01	-	-	-	-	-	-
		कारपेंटर (एसके)	02	02	-	-	-	-	-	-
		मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	01	01	-	-	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	02	02	-	-	-	-	-	-
		हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस)	01	01	-	-	-	-	-	-
16.	एअर ऑफिसर कमांडिंग, एएफ स्टेशन, सिरसा (हरियाणा), पिन -125055	कुक (ओजी)	01	01	-	-	-	-	-	-
		मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	01	01	-	-	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	03	03	-	-	-	-	-	-
17.	स्टेशन कमांडर, एएफ स्टेशन नाल बीकानेर (राजस्थान), पिन-334001	आशु. ग्रेड -II	01	-	01	-	-	-	-	-
		सीएमटीडी (ओजी)	01	-	01	-	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	03	03	-	-	-	-	-	-
		लॉण्ड्रीमैन	01	01	-	-	-	-	-	-
18.	स्टेशन कमांडर, एएफ स्टेशन, अमृतसर कैंट, अजनाला रोड, अमृतसर (पंजाब), पिन-143001	मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	02	01	01	-	-	-	-	-
19.	स्टेशन कमांडर, एएफ स्टेशन, पटियाला, संगरूर रोड, पटियाला कैंट, पटियाला (पंजाब), पिन--147001	मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	01	01	-	-	-	-	-	-
20.	स्टेशन कमांडर, एएफ स्टेशन बरनाला (पंजाब), पिन-148101	आया/वार्ड सहायिका	02	02	-	-	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	02	01	01	-	-	-	-	-
		मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	02	02	-	-	-	-	-	01
21.	एअर ऑफिसर कमांडिंग, एएफ स्टेशन, अर्जनगढ़, आयानगर, नई दिल्ली, पिन-110047	आशु. ग्रेड -II	01	01	-	-	-	-	-	-
		कुक (ओजी)	03	01	02	-	-	-	-	-
		हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस)	02	02	-	-	-	-	-	-
		मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	02	02	-	-	-	-	-	-
		लॉण्ड्रीमैन	01	01	-	-	-	-	-	-
22.	स्टेशन कमांडर, एएफ स्टेशन, डलहौजी, जिला चंबा (हि.प्र.), पिन-176304	कुक (ओजी)	01	-	01	-	-	-	-	-
		हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस)	03	03	-	-	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	02	01	-	01	-	-	-	-
		मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	04	-	02	-	01	01	-	-
23.	स्टेशन कमांडर, एएफ स्टेशन, कसौली जिला (हि.प्र.), पिन-173204	कुक (ओजी)	04	01	01	-	01	01	-	01
		हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस)	04	04	-	-	-	-	-	-
		लॉण्ड्रीमैन	01	01	-	-	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	03	02	01	-	-	-	-	-
		मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	04	01	02	-	-	01	-	01
24.	कमांडिंग अधिकारी, एएफ स्टेशन, नाथाटॉप, डाकघर-- कुड, जिला उधमपुर, ज. एवं क. संघ शासित प्रदेश, पिन-182142	कुक (ओजी)	01	-	-	-	-	01	-	-
25.	बेस कमांडर, एएफ स्टेशन, अवंतीपुर, जिला--पुलवामा, ज. एवं क. सं. शा. प्रदेश, पिन-192301	अवर श्रेणी लिपिक (एलडीसी)	01	01	-	-	-	-	01 (ए)*	-
26.	एअर ऑफिसर कमांडिंग, एडवांस मुख्यालय पश्चिमी वायु कमान, एएफ डाकघर--चंडी मंदिर कैंट, जिला पंचकुला (हरियाणा), पिन-134107	मैस स्टाफ	01	01	-	-	-	-	-	-

क्र. सं.	डाक पता	पद	रिक्तियों की कुल संख्या	श्रेणी, जिनके लिए पद चिन्हित किया जाना चाहिए						
				अना	अपिव	अजा	अजजा	ईडब्ल्यूएस	पीडब्ल्यूबीडी	भूपूसै
27.	स्टेशन कमांडर, टेट्रा स्कूल, एएफ स्टेशन हाई ग्राउण्ड्स, चंडीगढ़, पिन -160004	मैस स्टाफ	02	01	01	-	-	-	-	-
28.	एअर ऑफिसर कमांडिंग, वायु सेना चयन बोर्ड, क्लीमेंट टाउन देहरादून (उत्तराखंड), पिन-248002	हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस)	02	01	01	-	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	01	01	-	-	-	-	-	-
29.	स्टेशन कमांडर, एएफ स्टेशन फरीदाबाद, डबुआ कॉलोनी, फरीदाबाद (हरियाणा), पिन - 121005	अधीक्षक (स्टोर)	02	01	-	01	-	-	-	-
		स्टोर कीपर	01	01	-	-	-	-	-	01
		कुक (ओजी)	01	-	-	01	-	-	-	-
30.	एअर ऑफिसर कमांडिंग, मास्टर कंट्रोल सेंटर, एएफ स्टेशन बसंत नगर, नई दिल्ली, पिन-110010	कुक (ओजी)	02	01	-	-	-	01	-	-
		हाउस कीपिंग स्टाफ (एचकेएस)	01	01	-	-	-	-	-	-
		मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)	02	02	-	-	-	-	-	-

प्रशिक्षण कमान इकाइयां

क्र. सं.	स्टेशन/इकाई का विवरण	पद	अजा	अजजा	अपिव	** ईडब्ल्यूएस	# अना	कुल	क्षैतिज आरक्षण	
									ईएसएम	पीडब्ल्यूबीडी
1.	कमांडिंग ऑफिसर प्रशिक्षण कमान (यू), एएफ जेसी नगर, डाकघर, हेब्बाल जेसी नगर–डाक, हेब्बाल, बंगलुरु – 560 006	कुक (ओजी)	01	-	01	-	02	04	01	-
		सीएमटीडी (ओजी)	-	-	-	01	01	02	-	-
		एलडीसी	01	01	02	-	03	07	01	*ए-01, *बी-01
		वरि. कम्प्यूटर ऑपरेटर	-	-	-	-	01	01	-	-
		आशु. ग्रेड -II	-	-	-	-	01	01	1	-
		अधीक्षक स्टोर	-	-	01	-	01	02	1	
		एचकेएस	-	01	01	01	03	06	-	-
		मैस स्टाफ	01	-	01	01	03	06	01	-
		एमटीएस	-	01	04	01	04	10	02	*डी-01
		वल्केनाइजर	-	-	-	-	01	01	-	-
2.	कमांडिंग ऑफिसर 1 पीएंडएस (यू), एएफ जे सी नगर डाक, हेब्बाल, बंगलुरु – 560 006	एचकेएस	-	-	01	-	-	01	-	-
		एमटीएस	-	-	-	-	01	01	-	-
3.	एअर ऑफिसर कमांडिंग एएफ स्टेशन, जलाहल्ली पश्चिम बंगलुरु – 560 015	कुक (ओजी)	01	01	03	01	03	09	01	-
		सीएमटीडी (ओजी)	-	-	01	-	-	01	-	-
		एलडीसी	01	-	01	01	02	05	01	*बी-01, *सी-01
		अधीक्षक स्टोर	-	01	-	01	02	04	01	-
		एचकेएस	-	01	01	06	18	26	02	*बी -01
		मैस स्टाफ	-	-	-	01	-	01	-	-
		एमटीएस	-	01	03	03	11	18	02	*बी-01
		पेंटर (एसके)	-	-	-	01	-	01	-	-
4.	कमांडिंग ऑफिसर सीटीआई, एएफ मार्फत एएफ स्टेशन जलाहल्ली, पश्चिम बंगलुरु – 560 015	एलडीसी	-	-	-	-	01	01	-	*बी-01
		एमटीएस	-	-	01	02	-	03	-	-
5.	कमांडिंग अधिकारी ईएंडआईटीआई, एएफ जलाहल्ली ईस्ट बंगलुरु – 560 013	एमटीएस	-	-	-	01	-	01	-	-
6.	कमांडिंग ऑफिसर ईटीआई, एएफ जलाहल्ली ईस्ट बंगलुरु – 560 013	कारपैंटर (एसके)	-	-	-	-	01	01	-	-
		एमटीएस	-	-	-	01	-	01	-	-
7.	कमांडिंग अधिकारी 16 टेट्रा स्कूल जलाहल्ली ईस्ट बंगलुरु – 560 013	एचकेएस	-	-	-	-	01	01	-	-
		एमटीएस	-	-	01	-	02	03	-	-
8.	कमांडेंट एएफ तक. कॉलेज (एएफटीसी) जलाहल्ली वेस्ट बंगलुरु – 560 015	कुक (ओजी)	01	-	01	-	01	03	-	-
		एलडीसी	01	-	-	-	-	01	-	-
		अधीक्षक (स्टोर)	-	-	01	-	-	01	-	-
		एचकेएस	-	-	-	02	02	04	01	-
		मैस स्टाफ	-	-	02	03	-	05	-	*बी-01
		पेंटर (एसके)	-	-	01	-	-	01	-	
9.	एअर ऑफिसर कमांडिंग, एएफ स्टेशन, येलाहांका, बंगलुरु – 560 063	कुक (ओजी)	01	-	01	01	02	05	-	-
		हिंदी टंकक	01	-	-	-	-	01	-	-
		एलडीसी	-	-	01	01	02	04	01	*डी-01
		आशु. ग्रेड -II	01	-	-	-	-	01	-	-
		स्टोर कीपर	-	-	-	-	01	01	-	-
		अधीक्षक (स्टोर)	01	-	-	-	01	02	-	-
		एचकेएस	-	-	02	01	04	07	-	-
		मैस स्टाफ	-	-	01	01	02	04	-	-
		एमटीएस	-	01	01	01	03	06	-	-
		पेंटर (एसके)	-	-	01	-	-	01	-	-

क्र. सं.	स्टेशन/इकाई का विवरण	पद	अजा	अजजा	अपिव	** ईडब्ल्यूएस	# अना	कुल	वैतिज आरक्षण	
									ईएसएम	पीडब्ल्यूबीडी
10.	कमांडेंट आईएएम, एएफ विमानपुरा पोस्ट बंगलुरु– 560 017	एलडीसी	-	-	01	-	01	02	-	*सी-01
		अधीक्षक (स्टोर)	-	-	01	-	-	01	-	-
		एचकेएस	-	-	-	-	02	02	-	-
		एमटीएस	-	-	02	01	03	06	-	-
11	कमांडेंट, एएसटीईवामलुर पोस्ट बंगलुरु -560 083	कुक (ओजी)	-	01	-	-	01	02	-	-
		एमटीएस	-	-	01	-	01	02	-	-
		पेंटर (एसके)	-	-	-	-	01	01	-	-
12.	कमांडेंट एसडीआई, एएफ केम्पापुरा, येमलुर बंगलुरु - 560 037	एमटीएस	-	-	01	-	-	01	-	-
13.	कमांडेंट कमान अस्पताल एएफ अग्रम पोस्ट बंगलुरु - 560 007	कुक (ओजी)	-	01	01	-	02	04	01	-
		एलडीसी	-	-	01	-	01	02	-	*ए-01
		अधीक्षक (स्टोर)	-	-	-	01	01	02	-	-
		आया/वार्ड सहायिका	-	-	-	02	01	03	-	-
		एचकेएस	-	-	-	01	-	01	-	-
		लॉण्ड्रीमैन	-	-	-	-	01	01	-	-
		मैस स्टाफ	-	-	01	-	-	01	-	-
		एमटीएस	-	-	-	02	01	03	-	-
14.	कमांडेंट एमटीसी, एएफ अग्रम पोस्ट बंगलुरु – 560 007	एचकेएस	-	-	-	-	01	01	-	-
		एमटीएस	-	-	01	01	-	02	-	-
15.	एअर ऑफिसर कमांडिंग एएफ स्टेशन बीदर - 585 401	कुक (ओजी)	-	-	01	-	01	02	-	-
		आशु. ग्रेड -II	01	-	01	-	01	03	-	-
		अधीक्षक (स्टोर)	-	01	-	-	01	02	-	-
		आया/वार्ड सहायिका	-	-	-	-	01	01	-	-
		एचकेएस	-	-	01	06	03	10	-	-
		मैस स्टाफ	02	-	-	01	-	03	-	-
		एमटीएस	-	-	-	06	04	10	-	-
		वल्केनाइजर	-	-	-	-	01	01	-	-
16.	स्टेशन कमांडर एअरमैन ट्रेनिंग स्कूल (एटीएस) बेलगावी - 591 124	आशु. ग्रेड -II	-	-	-	01	-	01	-	-
		मैस स्टाफ	-	-	-	01	-	01	-	-
17.	एअर ऑफिसर कमांडिंग, एएफ स्टेशन, ताम्बरम, चेन्नई – 600 046	कुक (ओजी)	01	-	02	01	02	06	-	-
		सीएमटीडी (ओजी)	01	-	-	01	02	04	01	-
		आशु. ग्रेड -II	-	-	-	-	01	01	-	-
		अधीक्षक (स्टोर)	01	-	01	-	01	03	-	-
		एचकेएस	01	-	02	01	04	08	-	-
		मैस स्टाफ	-	-	01	01	02	04	-	-
		एमटीएस	-	-	02	01	03	06	-	-
		पेंटर (एसके)	-	-	-	-	01	01	-	-
18.	कमांडिंग ऑफिसर डब्ल्यूटीआई मार्फत एएफ स्टेशन ताम्बरम, चेन्नई - 600 046	एलडीसी	-	-	01	01	02	04	01	*सी-01, *डी-01
		एचकेएस	-	-	01	-	02	03	-	-
		एमटीएस	-	-	01	01	-	02	-	-
19.	कमांडिंग ऑफिसर एमटीआई मार्फत एएफ स्टेशन ताम्बरम, चेन्नई - 600 046	हिंदी टंकक	-	-	-	-	01	01	-	-
		एलडीसी	01	-	01	-	01	03	-	*डी-01
		आशु. ग्रेड -II	01	-	-	-	-	01	-	-
		स्टोर कीपर	-	-	01	-	-	01	-	-
		अधीक्षक (स्टोर)	-	-	01	-	-	01	-	-
		कारपेंटर (एसके)	-	-	-	-	01	01	-	-
		एमटीएस	-	-	-	01	04	05	-	-
		पेंटर (एसके)	-	-	-	-	01	01	-	-
20.	कमांडिंग ऑफिसर एफआईएस मार्फत एएफ स्टेशन ताम्बरम, चेन्नई - 600 046	एलडीसी	-	-	01	-	-	01	-	-
		आशु. ग्रेड -II	-	-	-	-	01	01	-	-
		एमटीएस	-	-	-	-	03	03	-	-
21.	कमांडिंग ऑफिसर आरईबी (एसजेड) मार्फत एएफ स्टेशन ताम्बरम, चेन्नई - 600 046	एमटीएस	-	-	-	-	01	01	-	-
22.	कमांडिंग ऑफिसर 9 पीएंडएस(यू), एएफ जीकेएस रोड, पल्लवरम चेन्नई – 600 043	कुक (ओजी)	-	-	01	-	-	01	-	-
		एचकेएस	-	-	-	-	01	01	-	
23.	कमांडिंग ऑफिसर एमटीटीआई, एएफ, आवडी, चेन्नई - 600 046	एचकेएस	-	-	-	01	01	02	-	-
24.	कमांडेंट एएफएसी, रेड फील्ड्स कोयम्बटूर – 641 018	मैस स्टाफ	01	01	-	-	03	05	-	-

क्र. सं.	स्टेशन/इकाई का विवरण	पद	अजा	अजजा	अपिव	** ईडब्ल्यूएस	# अना	कुल	क्षैतिज आरक्षण	
									ईएसएम	पीडब्ल्यूबीडी
25.	कमांडेंट एअर फोर्स एकेडमी हैदराबाद – 500 043	कुक (ओजी)	01	01	03	01	03	09	01	-
		सीएमटीडी (ओजी)	-	01	01	-	01	03	-	-
		स्टोर कीपर	01	-	-	-	01	02	-	-
		एचकेएस	-	01	01	02	01	05	-	-
		एमटीएस	-	01	03	03	03	10	-	-
		मैस स्टाफ	-	-	-	01	01	02	-	-
26.	कमांडिंग ऑफिसर14 एएफ अस्पताल मार्फत एएफ एकेडमी हैदराबाद – 500 043	एचकेएस	-	-	01	-	-	01	-	-
		मैस स्टाफ	-	-	01	-	-	01	-	-
		एमटीएस	-	-	-	01	-	01	-	-
		पेंटर (एसकें)	-	-	-	-	01	01	-	-
27.	एअर ऑफिसर कमांडिंग एएफ स्टेशन, हाकिमपेट सिकंदराबाद – 500 014	कुक (ओजी)	01	01	01	-	03	06	01	-
		एलडीसी	01	-	-	01	02	04	01	*ए-01
		स्टोर कीपर	-	-	01	-	-	01	-	-
		आया/वार्ड सहायिका	-	-	-	-	01	01	-	-
		कारपेंटर (एसकें)	01	-	01	-	01	03	-	-
		एचकेएस	-	02	04	02	05	13	-	-
		मैस स्टाफ	-	01	-	-	02	03	-	-
		एमटीएस	-	02	03	01	04	10	-	-
		वल्केनाइजर	-	-	-	-	01	01	-	-
28.	कमांडिंग अधिकारी 44 आरएंडएस (यू) मार्फत एएफ स्टेशन, हाकिमपेट सिकंदराबाद – 500 014	एचकेएस	-	-	-	-	02	02	-	--
		एमटीएस	-	-	-	-	02	02	-	-
29.	स्टेशन कमांडर एएफ स्टेशन, बेगमपेट बोवेनपल्ली पोस्ट सिकंदराबाद – 500 011	एचकेएस	-	01	-	01	02	04	-	-
		मैस स्टाफ	-	-	02	01	-	03	-	-
30.	कमांडिंग ऑफिसर 10 पीएंडएस(यू), एएफ बोवनपल्ली पोस्ट, सिकंदराबाद – 500 011	एमटीएस	-	-	01	-	-	01	-	-
31.	कमांडिंग ऑफिसर 12 एएससी बोवनपल्ली पोस्ट, सिकंदराबाद – 500 011	एचकेएस	-	-	-	-	01	01	-	-
32.	कमांडिंग ऑफिसर आरईमी (ट्रें), एएफ मार्फत एएफ स्टेशन, बेगमपेट बोवनपल्ली पोरट, सिकंदराबाद – 500 011	एमटीएस	-	-	01	-	-	01	-	-

अनुरक्षण कमान इकाइयां

क्र.सं.	इकाई का डाक पता	पद का नाम	पद की सं.	आरक्षण					अना/अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस में समायोजित	
				अना	अजा	अजजा	अपिव	ईडब्ल्यूएस	पीएच	ईएसएम
1	सीओ, एचक्यू एमसी (यू), एअर फोर्स वायु सेना नगर नागपुर -440007	अधीक्षक (स्टोर)	01	-	-	01	-	-	-	-
		आशु. ग्रेड -II	02	01	-	01	-	-	-	-
		एलडीसी	04	02	-	01	01	-	01(डी)*	-
		एचकेएस	04	02	01	-	01	-	01(बी)*	-
		लण्ड्रीमैन	02	01	-	01	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	01	01	-	-	-	-	-	-
		एमटीएस	01	01	-	-	-	-	-	-
		पेंटर (एसकें)	01	01	-	-	-	-	-	-
2	एओसी, वायु केंद्र, चाकेरी एओसी, वायु सेना कानपुर - 208008	अधीक्षक (स्टोर)	01	01	-	-	-	-	-	-
		कुक (ओजी)	04	01	01	-	01	01	-	-
		सीएमटीडी (ओजी)	04	02	01	-	01	-	-	01
		एफएमटी (एसकें)	03	02	-	-	01	-	-	01
		एचकेएस	05	02	-	-	02	01	-	01
		मैस स्टाफ	06	02	01	-	02	01	-	-
		एमटीएस	10	05	01	-	03	01	01(बी)*	01
3	सीओ, 1 बेस रिपेयर डिपो, वायु सेना, चाकेरी कानपुर -208008	एफएमटी (एसकें)	03	02	-	-	01	-	-	01
		एमटीएस	05	03	01	-	01	-	-	01
4	एओसी, बेस रिपेयर डिपो, वायु सेना केंद्र चंडीगढ़-160003	कुक (ओजी)	04	02	01	-	01	-	-	01
		फायरमैन	14	06	02		05	01	-	02
		एचकेएस	13	06	-	-	05	02	01(डी)*	01
		एमटीएस	07	03	-	-	03	01	01(बी)*	01
5	सीओ, 4 बेस रिपेयर डिपो, वायु सेना, चाकेरी, कानपुर - 208008	स्टोर कीपर	01	01	-	-	-	-	-	-
		एलडीसी	01	-	01	-	-	-	-	-
		एचकेएस	06	04	01	-	01	-	01(डी)*	-
		एमटीएस	08	05	01	-	02	-	-	01
		पेंटर (एसकें)	01	01	-	-	-	-	-	-

क्र.सं.	इकाई का डाक पता	पद का नाम	पद की सं.	आरक्षण					अना/अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस में समायोजित	
				अना	अजा	अजजा	अपिव	ईडब्ल्यूएस	पीएच	ईएसएम
6	एओसी, बेस रिपेयर डिपो, वायु सेना केंद्र, सुलुर, कोयम्बटूर, तमिलनाडु -641401	अधीक्षक (स्टोर)	07	03	01	-	02	01	-	01
		स्टोर कीपर	01	-	-	-	01	-	-	-
		फायरमैन	01	-	-	-	-	01	-	-
		एफएमटी (एसके)	01	-	-	-	01	-	-	-
		एचकेएस	05	04	-	-	-	01	-	-
		मैस स्टाफ	04	02	-	01	-	01	-	-
		एमटीएस	06	03	-	01	01	01	-	01
7	एओसी, बेस रिपेयर डिपो, वायु सेना केंद्र, तुगलकाबाद डाक, पुष्पा भवन, नई दिल्ली -110062	अधीक्षक (स्टोर)	05	02	01	-	01	01	-	01
		स्टोर कीपर	01	01	-	-	-	-	-	-
		कारपेंटर (एसके)	02	01	-	-	-	01	-	-
		एचकेएस	04	02	-	-	01	01	-	-
		मैस स्टाफ	02	-	-	01	-	01	-	-
		एमटीएस	02	-	-	-	01	01	-	-
8	सीओ, बेस रिपेयर डिपो, वायु सेना केंद्र, आवडी, चेन्नई -600055	अधीक्षक (स्टोर)	05	02	01	-	01	01	-	01
		एलडीसी	03	01	01	-	01	-	01(बी)*	-
		सीएस एंड एसएमडब्ल्यू (एसके)	02	01	-	-	-	01	-	01
		एफएमटी (एसके)	02	01	-	-	01	-	-	01
		टर्नर (एसके)	01	01	-	-		-	-	-
9	एओसी, बेस रिपेयर डिपो, वायु सेना, चंदन नगर, डीमैलो पेट्रोल पंप के सामने नगर रोड, पुणे -411014	कारपेंटर (एसके)	01	-	-	-	01	-	-	-
		एचकेएस	03	02	-	-	01	-	-	-
		महिला (एचएस) ग्रेड -II	01	01	-	-	-	-	-	01
		पेंटर (एसके)	01	01	-	-	-	-	-	-
10	एओसी, बेस रिपेयर डिपो, वायु सेना, वायु सेना केंद्र, ओझर, नासिक, पिन -422221(महाराष्ट्र)	अवीक्षक (स्टोर)	01	-	-	-	01	-	-	-
		आशु. ग्रेड -II	01	-	-	-	01	-	-	-
		हिंदी टंकक	01	01	-	-	-	-	-	01
		कुक (ओजी)	03	01	-	01	01	-	-	-
		फायरमैन	02	02	-	-	-	-	-	-
		एचकेएस	04	03	01	-	-	-	01(डी)*	-
		मैस स्टाफ	04	02	01	-	01	-	-	-
		एमटीएस	09	07	-	-	-	02	-	01
		पेंटर (एसके)	02	02	-	-	-	-	-	-
11	सीओ, वायु सेना केंद्र, बनी कैम्प, नजफगढ़, नई दिल्ली - 110043	आशु. ग्रेड -II	01	01	-	-		-	-	01
		मैस स्टाफ	03	03	-	-	-	-	-	-
12	एओसी, 13 बेस रिपेयर डिपो, वायु सेना, पालम न्यू पिंक्को पार्क, नई दिल्ली -110010	अधीक्षक (स्टोर)	01	-	01	-	-	-	-	-
		आशु. ग्रेड -II	02	01	-	-	01	-	-	-
		कुक (ओजी)	04	02	01	-	01	-	-	01
		एचकेएस	02	01	-	01	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	04	01	-	01	01	01	-	-
		एमटीएस	04	01	01	-	01	01	-	01
13	स्टेशन कमांडर, बेस रिपेयर डिपो, वायु सेना, गांव एवं डाक वडसार, वाया कालोल जिला, गांधीनगर गुजरात -382721	अधीक्षक (स्टोर)	01	01	-	-	-	-	-	-
		एचकेएस	01	01	-	-	-	-	-	-
		मैस स्टाफ	02	01	-	-	-	01	-	-
14	सीओ, 16 बेस रिपेयर डिपो, सेखों विहार के सामने, पालम, दिल्ली कैंट -110010	लैदर वर्कर (एसके)	02	01	-	-	01	-	-	01
		टेलर (एसके)	06	04	01	-	01	-	-	-
15	एओसी, इक्विपमेंट डिपो, वायु सेना केंद्र आवडी आईएएफ (पोस्ट), चेन्नई -600055	आशु. ग्रेड -II	01	-	-	-	-	01	-	-
		कुक (ओजी)	05	02	01	-	01	01	-	01
		सीएमटीडी (ओजी)	10	05	01	-	03	01	-	01
		कारपेंटर (एसके)	04	02	01	-	01	-	-	-
		फायरमैन	07	04	-	-	02	01	-	02
		एफएमटी (एसके)	03	02	01	-	-	-	-	01
		एचकेएस	06	02	-	-	03	01	-	-
		लॉण्ड्रीमैन	01	-	-	-	-	01	-	-
		एमटीएस	50	20	04		20	06	03 (ए,बी,सी,डी)*	07
		पेंटर (एसके)	01	01	-	-	-	-	-	-
16	एओसी, इक्विपमेंट डिपो, वायु सेना केंद्र, मनौरी, जिला इलाहाबाद (उ.प्र.) -212212	आशु. ग्रेड -II	01	-	-	-	01	-	-	-
		एफईडी	01	-	-	-	01	-	-	-
		फायरमैन	01	-	-	01	-	-	-	-
		एचकेएस	06	03	01	-	01	01	01(बी)*	-
		लॉण्ड्रीमैन	02	01	-	-	-	01	-	-
17	एओसी, इक्विपमेंट डिपो, वायु सेना, वायु सेना केंद्र, देवलाली (साउथ) -422501 जिला--नासिक (महाराष्ट्र)	सीएमटीडी (ओजी)	04	01	01	01	01		-	-
		कारपेंटर (एसके)	01	01	-	-	-	-	-	-
		एफईडी	03	02	-	-	01	-	-	01
		फायरमैन	04	01	01	01	01	-	-	01
		एचकेएस	05	02	01	01	01	-	-	-
		एमटीएस	10	04	01	01	04	-	01(डी)*	01
		पेंटर (एसके)	01	01	-	-	-	-	-	-
		वल्केनाइजर	01	01	-	-	-	-	-	-
18	एओसी, इक्विपमेंट डिपो, वायु सेना, विमानपुरा पोस्ट, एचएएल हेलीकॉप्टर डिविजन के सामने, बंगलुरु -560017	एलडीसी	03	01	01	-	01	-	01(ए)*	-
		सीएमटीडी (ओजी)	02	01	-	-	-	01	-	-
		एचकेएस	01	-	-	01	-	-	-	-
		पेंटर (एसके)	01	01	-	-	-	-	-	-
19	सीओ, इक्विपमेंट डिपो, वायु सेना पालम नई दिल्ली -110010	कारपेंटर (एसके)	01	01	-	-	-	-	-	-
		एचकेएस	02	01	01	-	-	-	-	-
		एमटीएस	02	01	-	01	-	-	-	-
		पेंटर (एसके)	01	01	-	-	-	-	-	-

क्र.सं.	इकाई का डाक पता	पद का नाम	पद की सं.	आरक्षण					अना/अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस में समायोजित	
				अना	अजा	अजजा	अपिव	ईडब्ल्यूएस	पीएच	ईएसएम
20	एओसी, इक्विपमेंट डिपो, वायु सेना, आमला डिपो (डाकघर), जिला बेतूल, मध्य प्रदेश-460553	अधीक्षक (स्टोर)	02	01	-	01	-	-	-	-
		एलडीसी	01	-	-	01	-	-	-	-
		कुक (ओजी)	04	01		01	01	01	-	-
		सीएमटीडी (ओजी)	01	-	-	-	-	01	-	-
		कारपेंटर (एसके)	01	-	01	-	-	-	-	-
		फायरमैन	02	-	-	-	-	02	-	-
		एचकेएस	06	-	-	-	03	03	01(बी)*	-
		ट्रेडसमैन मेट	23	01	05	-	07	10	-	02
		लॉण्ड्रीमैन	01	-	-	-	01	-	-	-
		मैस स्टाफ	01	-	-	-	01	-	-	-
		एमटीएस	03	-	-	-	-	03	-	-
		पेंटर (एसके)	01	-	-	-	01	-	-	-
21	सीओ, उपस्कर डिपो, वायु सेना केंद्र, चाकेरी कानपुर, पिन - 208008	आशु. ग्रेड -II	01	01	-	-	-	-	-	-
		एचकेएस	01	-	01	-	-	-	-	-
		एमटीएस	05	03	-	-	01	01	01(डी)*	-
22	सीओ, इक्विपमेंट डिपो, वायु सेना केंद्र, महाराजपुरा ग्वालियर, पिन-474020	अधीक्षक (स्टोर)	01	-	-	-	01	-	-	-
		एचकेएस	01	01	-	-	-	-	-	-
		एमटीएस	06	03	01	-	01	01	-	01
23	सीओ, इक्विपमेंट डिपो, मार्फत वायु सेना केंद्र, हाकिमपेट सिकंदराबाद -500014 (आं.प्र.)	अधीक्षक (स्टोर)	01	-	-	-	01	-	-	-
		एमटीएस	01	01	-	-	-	-	-	-
24	सीओ, इक्विपमेंट डिपो, मार्फत वायु सेना अकादमी, डुंडीगल, हैदराबाद-500043	स्टोर कीपर	01	-	01	-	-	-	-	-
		कारपेंटर (एसके)	01	01	-	-	-	-	-	-
		एमटीएस	02	02	-	-	-	-	-	-
25	सीओ, मूमैंट कंट्रोल यूनिट, वायु सेना, वायु सेना केंद्र, पालम, नई दिल्ली -110010	कारपेंटर (एसके)	01	01	-	-	-	-	-	-
		एमटीएस	06	01	01	01	01	02	01(बी)*	01
26	सीओ, मूमैंट कंट्रोल यूनिट, वायु सेना, टर्मिनल 1बी, सीएसआई एयरपोर्ट, मुंबई -400099	अधीक्षक (स्टोर)	01	01	-	-	-	-	-	-
27	सीओ, मूमैंट कंट्रोल यूनिट, वायु सेना केंद्र, बोरझर, डाकघर गुवाहाटी एयरपोर्ट, जिला कामरूप (असम), पिन - 781015	एमटीएस	02	01	-	-	01	-	-	-
28	सीओ, एयर स्टोर्स, वायु सेना, वायु सेना केंद्र, गुड़गांव, हरियाणा -122005	कारपेंटर (एसके)	02	02	-	-	-	-	-	-
		फायरमैन	11	05	02	01	02	01	-	03
29	सीओ, वायु सेना अस्पताल, वायु सेना, आमला डिपो (डाकघर), जिला बेतूल, म.प्र. -460553	आया/वार्ड सहायिका	01	-	-	-	01	-	-	-
		एंचकेएस	01	-	01	-	-	-	-	-
		लॉण्ड्रीमैन	01	-	01	-	-	-	-	-
		एमटीएस	01	-			01	-	-	-
30	एओसी, वायु सेना अस्पताल, नाथु सिंह रोड, छावनी, कानपुर, पिन - 208004	अधीक्षक (स्टोर)	01	-	01	-	-	-	-	-
		आया/वार्ड सहायिका	03	02	-	-	01	-	-	-
		एचकेएस	04	02	01	-	01	-	01(डी)*	-
		मैस स्टाफ	01	01	-	-	-	-	-	-
31	सीओ, वायु सेना संपर्क प्रकोष्ठ (बीकेपी), वायु सेना केंद्र बैरेकपुर, बैरेकपुर -700120	एमटीएस	01	-	-	01	-	-	-	-
32	सीओ, एमसीसीएफ, वायु सेना सोनेगांव, नागपुर - 440005	एमटीएस	02	02	-	-	-	-	-	-
		कुल	479	216	53	23	122	65	18	47

सेंट्रल एअर कमान इकाइयां

क्र.सं.	इकाई का डाक पता	पद का नाम	पद की सं.	आरक्षण					अना/अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस में समायोजित	
				अना	अजा	अजजा	अपिव	ईडब्ल्यूएस	शावि	ईएसएम
1	एअर ऑफिसर कमांडिंग, वायु सेना केंद्र, आगरा (उ.प्र.) 282008	आशु. ग्रेड -II	01	01						
		एचकेएस	03	01	01		01		-	
		लॉण्ड्रीमैन	03	01		01	01			
		मैस स्टाफ	01	01						
2	कमांडिंग ऑफिसर, यारकस, वायु सेना केंद्र, आगरा (उ.प्र.) 282008	मैस स्टाफ	02	01			01			
		एमटीएस	02	01	01					
3	कमांडिंग ऑफिसर, एएफडीसी, वायु सेना, वायु सेना केंद्र, आगरा (उ.प्र.) 282008	एचकेएस	01		01					
4	कमांडिंग ऑफिसर, अगोध बाग, वायु सेना केंद्र, आगरा (उ.प्र.) 282008	मैस स्टाफ	01						01	
5	कमांडिंग ऑफिसर, विजिलेंट ईगल वायु सेना केंद्र, आगरा (उ.प्र.) 282008	कुक (ओजी)	02	01					01	
		एमटीएस	03	01			01			01(अना)
6	कमांडिंग ऑफिसर, पीएंडएसयू, वायु सेना, वायु सेना केंद्र, आगरा (उ.प्र.) 282008	एमटीएस	01	01						
7	कमांडिंग ऑफिसर, ट्रोपो वायु सेना केंद्र, आगरा (उ.प्र.) 282008	एचकेएस	01		01					
8	एयर ऑफिसर कमांडिंग, वायु सेना केंद्र बरेली (उ.प्र.) 243002	वल्केनाइजर	01				01			
		मैस स्टाफ	02	01			01			
		आया	01				01			

(शेष पृष्ठ 15 पर)

कोरोना नियंत्रण में विश्वविद्यालय सहयोग करें - राज्यपाल

लखनऊ, कोरोना संक्रमण नियंत्रण में विश्वविद्यालय सहयोग करें, जिन नगरीय क्षेत्रों में संक्रमण का प्रभाव अधिक है, उन क्षेत्रों में आवासीय, मोहल्ला और वार्ड समितियों के पदाधिकारियों और सदस्यों को जनता कर्फ्यू के लिए प्रेरित किया जाए। इस कार्य में विश्वविद्यालयों द्वारा समन्वय के प्रयास किए जाएं। विश्वविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी जन जागृति और जनता कर्फ्यू के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं में सहयोग दें। इससे कोरोना संक्रमण को नियंत्रित करने के प्रयास प्रभावी होंगे। कोरोना गाइडलाइन का जिम्मेदारी से पालन करने के लिए विश्वविद्यालयों के स्टाफ और विद्यार्थियों को संकल्पित कराने की जरूरत है। ये बातें राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने लखनऊ राजभवन से प्रदेश के 21 शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ वीडियो क्रॉन्फ्रेंसिंग करते हुये कहीं।

श्रीमती पटेल ने कहा कि जनता कर्फ्यू के दौरान रहवासियों को बाहर नहीं जाना पड़े। इस कार्य में युवाओं द्वारा सहयोग किया जा सकता है। विश्वविद्यालय युवाओं का दल गठित करें, जो रहवासियों के साथ दूरभाष पर सम्पर्क में रहें और उनके लिए आवश्यक वस्तुओं और अन्य सामग्री दुकानों से लाकर प्रदान करें। इससे रहवासी घर पर रहेंगे। दुकानों पर भीड़ में कमी आएगी। सामाजिक दूरी की व्यवस्था भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि ऐसे समाजसेवी कार्यों, वैक्सीनेशन के लिए जन जागृति एवं जन सहयोग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा पुरस्कृत और सम्मानित किया जा सकता है। विश्वविद्यालय इस दिशा में नवाचारी सोच के साथ प्रयास करें।

राज्यपाल ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार वैक्सीनेशन के कार्य को तेजी से करने में भी विश्वविद्यालय और उनके छात्र सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि संकट के इस समय में वैक्सीनेशन की एक-एक डोज महत्वपूर्ण है। चूंकि एक वैक्सीन में 10 व्यक्तियों की डोज होती है। इसलिए यह जरूरी है कि वैक्सीनेशन के लिए प्रेरक यह ध्यान रखें कि सेंटर पर 10 के गुणित में ही पात्र व्यक्तियों को ले जाया जाए। इस संबंध में विश्वविद्यालय आईटी सेल के माध्यम से जन जागृति के प्रयासों को तेज किया जाए। विश्वविद्यालय गोद लिए गांवों में शत-प्रतिशत टीककरण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही विश्वविद्यालय के कुलपति से लेकर सभी छात्र मास्क और सामाजिक दूरी का कड़ाई से पालन करें। दूसरों को भी पालन के लिए प्रेरित करें। श्रीमती पटेल ने बताया कि कोरोना के लक्षण बदल रहे हैं। प्रत्यक्ष रूप से लक्षण नहीं होने पर भी व्यक्ति कोविड संक्रमण से प्रभावित हो सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि प्रत्येक व्यक्ति मास्क पहने और सामाजिक दूरी का पालन करे। कोरोना गाइडलाइन का जिम्मेदारी के साथ पालन ही कोरोना पर सफलता का आधार है। उन्होंने कहा कि इम्यूनिटी को बढ़ाने में योग की प्रभावी भूमिका है। विश्वविद्यालय योग केंद्रों का विस्तार करें। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन अध्ययन-अध्यापन का कार्य भी प्रभावी तरीके से संचालित किया जाए। परीक्षा तिथि के संबंध में असमंजस की स्थिति नहीं रहे। इसके लिए सभी विश्वविद्यालय परीक्षाओं की संभावित तिथियों को अभी से निश्चित कर लें। इससे परीक्षाओं के संबंध में पालकों और विद्यार्थियों को निश्चिंतता आएगी। परीक्षाओं की तैयारी एकाग्रता के साथ कर सकेंगे।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कोरोना संकट का सामना सबको मिलकर करना है। सबके साथ और सहयोग से कोरोना पर सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि संकट का सामना कौशल और रणनीति बनाकर किया जाए। यह भी देखा जाए कि संक्रमण से बचाव के प्रयासों से छात्रों के भविष्य में बाधाएं उत्पन्न नहीं हों। स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं जिनके बाद विद्यार्थियों को अखिल भारतीय परीक्षाओं में सम्मिलित होने की पात्रता होती है, ऐसी परीक्षाओं के संबंध में अन्य राज्यों के निर्णयों और छात्रों की परिस्थितियों को भी ध्यान में रखकर कार्रवाई की जाए।

मध्यप्रदेश में कोरोना नियंत्रण के लिये की जा रही हैं अनेक व्यवस्थाएं

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मंत्रालय में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए पिछले एक सप्ताह से की गई अनेक व्यवस्थाओं के फलस्वरूप तेजी से सुधार की स्थिति बन रही है। जांच, उपचार, देखभाल की सभी आवश्यक सुविधाएं बढ़ाने और सावधानियों पर अमल किए जाने से नागरिकों को राहत मिल रही है। लगातार की गई विस्तृत समीक्षा का ही परिणाम है कि अब धीरे-धीरे कोरोना पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या भी कम होगी। जन-सहयोग से कोरोना पर नियंत्रण कर हम विजयी होंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में राज्य में कोरोना की स्थिति की समीक्षा करते हुये कहीं।

प्रभारी अधिकारी व्यवस्थाएं दुरुस्त करवाएं

मुख्यमंत्री ने प्रभारी अधिकारियों से जिलों में किये गये भ्रमण और प्रभार के जिले में कोरोना की स्थिति के संबंध में प्रतिवेदन मांगा। उन्होंने प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिये कि उनके भ्रमण के पश्चात जिलों में व्यवस्थाएं दुरुस्त होना चाहिए। कोविड केयर सेंटर के संचालन और होम आइसोलेशन व्यवस्था की नियमित मॉनीटरिंग की जाए। जिले के अस्पतालों में उपलब्ध बिस्तर क्षमता की जानकारी भी सार्वजनिक की जाए। प्रत्येक नागरिक, जन-प्रतिनिधि और मीडिया प्रतिनिधियों को व्यवस्थाओं से अवगत कराया जाये।

प्रदेश में पर्याप्त हैं रेमडेसिविर इंजेक्शन

रेमडेसिविर की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए शासन द्वारा हर संभव प्रयास किए गए हैं। रेमडेसिविर निर्माताओं को मध्यप्रदेश में उक्त औषधि की सप्लाई बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। शासन का प्रयास है कि सभी को जरूरत के अनुसार उचित दाम पर रेमडेसिविर इंजेक्शन की उपलब्धता सुगम हो। इसकी कालाबाजारी एवं अवैध विक्रय न हो। समस्त औषधि निरीक्षकों को निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अनुपालन में औषधि निरीक्षकों ने दो दिन में कुल 476 निरीक्षण किये। एमआरपी से अधिक मूल्य पर बिक्री एवं कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण के प्रयास किए जा रहे हैं।

औषधि निरीक्षकों द्वारा रेमडेसिविर इंजेक्शन की आपूर्ति एवं वितरण पर सतत् निगरानी रखी जा रही है। रेमडेसिविर इंजेक्शन का वितरण केवल अस्पताल एवं संस्थानों में हो ऐसी व्यवस्था भी की गई है, ताकि अस्पतालों में भर्ती मरीजों को सुलभता से इंजेक्शन उपलब्ध हो सके। शासन द्वारा प्रदेश के समस्त मेडिकल कॉलेजों, जहां सर्वाधिक मरीजों का इलाज किया जा रहा है, के लिए पृथक से इस इंजेक्शन की 5 हजार यूनिट की आपूर्ति की गई है। प्रदेश में कुल 21 हजार 862 यूनिट की आपूर्ति की गई है।

ऑक्सीजन व्यवस्था

ऑक्सीजन की निर्बाध सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए इसके निर्माताओं एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स से सतत् संपर्क किया जा रहा है। वर्तमान में ऑक्सीजन सप्लाई की कोई कमी नही हैं। प्रदेश में वर्तमान में लगभग 244 मीट्रिक टन ऑक्सीजन प्रतिदिन की उपलब्धता है। प्रदेश में ऑक्सीजन के परिवहन के लिए टैंकरों की संख्या बढ़ायी जा रही है। अन्य राज्यों से भी ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ाने के लिए अनुरोध किया गया है। अस्पतालों एवं संस्थानों में अपव्यय एवं बर्बादी को रोकने के लिए भारत शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशों से सर्वसंबंधितों को अवगत कराया गया है।

भोपाल में व्यवस्थाओं में वृद्धि

बैठक में बताया गया कि राजधानी भोपाल में पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक महाविद्यालय में कोविड केयर सेंटर प्रारंभ किया गया है। भोपाल में जो सैम्पल लिए जा रहे हैं उनकी रिपोर्ट और भी जल्दी आ जाए, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। नई व्यवस्था में टेस्ट करवाने वाले व्यक्ति को एक पेम्फलेट या ब्रोशर के माध्यम से जांच रिपोर्ट आने तक आइसोलेशन में रहने की हिदायत भी दी जायेगी।

मध्यप्रदेश में शुरू हुईं नई चार ऑक्सीजन कंसंट्रेटर यूनिट

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण के नियंत्रण और रोगियों के समुचित उपचार के लिए आवश्यकता के अनुरूप ऑक्सीजन, इंजेक्शन और बेड आदि की व्यवस्था की जा रही है। मध्यप्रदेश में अन्य राज्यों से ऑक्सीजन की आपूर्ति के लिए केंद्रीय रेल मंत्री से भी चर्चा हुई है, जिसके फलस्वरूप राउरकेला और भिलाई से रेल द्वारा जरूरत पड़ने पर ऑक्सीजन बुलवाई जा सके। हिमाचल और महाराष्ट्र से ऑक्सीजन आपूर्ति प्राप्त करने के प्रयास किये जा रहे हैं। वर्तमान में गुजरात से रोजाना 120 मीट्रिक टन ऑक्सीजन बिना बाधा के प्राप्त हो रही है। जरूरी हुआ तो प्रदेश में विभिन्न स्थानों तक इंजेक्शन पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टर का उपयोग किया जायेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रोकथाम और बेहतर प्रबंधों के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संक्रमण से नागरिकों को बचाना हम सभी का पहला दायित्व है। व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। हमारे प्रयत्नों से व्यवस्थाएं बेहतर हों और आमजन का मनोबल भी बढ़े। आपदा की यह स्थिति जल्द समाप्त हो। राज्य सरकार ने चुनौतियों और कठिनाइयों का सामना करते हुए संक्रमण की चेन तोड़ने के लगातार प्रयास किए हैं। यह प्रयास जारी रहेंगे।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुये।

श्री चौहान ने बताया कि प्रदेश में अभी 280 मीट्रिक टन ऑक्सीजन उपलब्ध है। यह भी प्रयास किया जा रहा है कि अनावश्यक ऑक्सीजन का उपयोग न हो। प्रदेश को प्रतिदिन 500 मीट्रिक टन तक ऑक्सीजन उपलब्ध कराने का प्रयास है। प्रदेश में नई 8 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर यूनिट भी लग रही हैं। उज्जैन, शिवपुरी, सिवनी और खंडवा में यह शुरू हो गई हैं। शेष चार जिले मंदसौर, रतलाम, मुरैना और जबलपुर में लग रही हैं।

हवा से ऑक्सीजन को पृथक कर मरीजों के लिए उपयोग किया जाता है। इसके साथ ही एक अन्य कंसंट्रेटर उपकरण रोगियों के चेहरे पर लगाकर उपयोग में लाया जा रहा है। प्रदेश में अभी 180 कंसंट्रेटर हैं। इसके अलावा 750 कंसंट्रेटर अतिरिक्त मिल रहे हैं। कुल 2 हजार कंसंट्रेटर का अनुरोध किया गया है, जिसकी आपूर्ति हो रही है।

रेमडेसिविर इंजेक्शन की व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रेमडेसिविर इंजेक्शन की कमी नहीं है। प्रदेश को अभी 31 हजार इंजेक्शन प्राप्त हो चुके हैं और आगामी दिनों में 12 हजार अतिरिक्त इंजेक्शन और मिलेंगे। आवश्यकता हुई तो हवाई सेवाओं का उपयोग भी इन्हें बुलवाने के लिए किया जा सकता है। कुल 50 हजार इंजेक्शन की सप्लाई का ऑर्डर दिया जा चुका है। प्रदेश में एक लाख तक इंजेक्शन की आपूर्ति का लक्ष्य है, ताकि अधिक से अधिक आवश्यकता पड़ जाने पर रोगियों के लिए व्यवस्था बनी रहे।

मुख्यमंत्री ने निजी संस्थाओं को कोरोना संक्रमण के संकट के समय सहयोग के लिए आगे आने की अपील की थी। शासकीय और निजी अस्पतालों में निरंतर बिस्तर बढ़ाए जा रहे हैं।

कोरोना के विरूद्ध आयुष विभाग पुनः निभाएगा सक्रिय भूमिका

भोपाल, आयुष राज्यमंत्री श्री रामकिशोर कांवरे के निर्देशानुसार कोविड-19 आपदा काल में आयुष विभाग पुनः सहभागिता बढ़ाने के लिये सक्रिय है। आयुष विभाग के डॉक्टर्स एवं पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी आदि के कार्य पुनः प्रारंभ हो गये हैं। विगत एक माह में भोपाल में विभाग के लगभग 100 डॉक्टर्स एवं स्टाफ की ड्यूटी कलेक्टर द्वारा रैपिड रिस्पॉन्स टीम में लगाई गई है, वे सक्रियता से लगातार अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

प्रमुख सचिव सह आयुक्त श्रीमती करलिन खोंगवार देशमुख की अध्यक्षता में कोविड-19 के वर्तमान संकटकाल में आयुष विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही की समीक्षा हुई। प्रदेश के सभी आयुष महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं संभागीय आयुष अधिकारी समीक्षा के दौरान ऑनलाइन जुड़े। इस दौरान उनके अधीनस्थ संस्थाओं एवं जिलों में वर्तमान में किये गये कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई।

बैठक में निर्देशित किया गया कि आयुष मंत्रालय द्वारा कोविड-19 के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों के तहत औषधियों का वितरण किया जाए। आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेद की गिलोय, आँवला, हल्दी, तुलसी, अश्वगंधा, होम्योपैथी की आर्सेनिक एल्ब-30 तथा यूनानी की जौशांदा, त्रियाक नजला, असगंध औषधियों का वितरण महाविद्यालयों, चिकित्सालयों, आयुष विंग एवं औषधालयों के माध्यम से किया जा रहा है। इसकी सतत् निगरानी रखने के निर्देश दिये गये हैं।

प्रत्येक नागरिक का मोबाइल नंबर सहित सभी जानकारी आवश्यक रूप से पंजीबद्ध करने को कहा गया है। प्रतिदिन वितरण की जाने वाली औषधियों की रिपोर्ट संचालनालय को भेजी जाए।

कोविड पॉजिटिव, कोविड केयर सेंटर तथा होम आइसोलेशन के रोगियों के लिये कलेक्टर, सीएमएचओ के निर्देशानुसार आरोग्य कसायम-20 का वितरण करवाया जाए।

आयुष विभाग के चिकित्सक, छात्र तथा पैरामेडिकल स्टाफ के लगभग 500 कर्मचारी प्रदेश के विभिन्न जिलों में सीएमएचओ के निर्देशन में स्क्रीनिंग और कोविड केयर सेंटर में कार्य कर रहे हैं।

प्रमुख सचिव ने किया प्रस्तावित कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण

प्रमुख सचिव श्रीमती करलिन खोंगवार देशमुख ने शासकीय यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय, आयुष परिसर भोपाल में प्रस्तावित कोविड केयर सेंटर की तैयारियों का मुआयना किया।

इस अवसर पर जानकारी दी गई कि वर्तमान में यूनानी चिकित्सालय में कोविड-19 वैक्सीनेशन सेंटर कार्यरत है। जिला प्रशासन द्वारा 40 ऑक्सीजन कोविड बेड तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

कोरोना संक्रमण रोकने में जनता कर्फ्यू अत्यंत कारगर- राज्यपाल

सब मिलकर लड़ेंगे कोरोना की लड़ाई - मुख्यमंत्री

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सर्वदलीय बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, कोरोना संक्रमण को प्रभावी ढंग से रोकने में जनता कर्फ्यू अत्यंत कारगर सिद्ध होगा। नगरीय क्षेत्रों में आवासीय एवं मोहल्ला समितियों और ग्रामीण अंचल में सरपंचों का आह्वान है कि वे कोरोना संक्रमण रोकने में जनता कर्फ्यू जैसे प्रयासों को प्रभावी तरीके से लागू करें। ये बातें राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सर्वदलीय बैठक में कहीं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल हुए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना का संकट बड़ा है। प्रदेश में कोरोना की पहली पीक से दो गुना से अधिक प्रकरण आ रहे हैं। ऐसे में सभी मिलकर कोरोना के विरुद्ध लड़ाई लड़ें और इसे परास्त करें। श्री चौहान ने कहा कि हमें तीन स्तरों पर इस लड़ाई को लड़ना होगा। सभी के सहयोग से कोरोना के संक्रमण को प्रभावी ढंग से रोकना, सभी जिलों में कोरोना के उपचार की अच्छी से अच्छी व्यवस्था तथा 45 वर्ष से अधिक उम्र के हर व्यक्ति का वैक्सीनेशन। साथ ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था न बिगड़े इसके लिए लॉकडाउन के स्थान पर स्वतः स्फूर्त कोरोना कर्फ्यू लगाया जाएगा।

कोरोना संबंधी सभी सावधानियां बरतें

श्रीमती आनंदीबेन ने कहा है कि कोविड संक्रमण को रोकने के लिए मास्क, सेनेटाइजेशन और सामाजिक दूरी का पालन सहित अन्य जरूरी सभी सावधानियां बरती जानी चाहिए। इसमें आम जन आगे बढ़कर सहयोग करें।

प्रतिदिन मीडिया को दी जाए जानकारी

राज्यपाल ने कहा कि कोरोना की स्थिति के संबंध में प्रतिदिन मीडिया को जानकारी दी जाए। वैक्सीनेशन की स्थिति, चिकित्सालयों में कितने बिस्तर भरे हैं, कितने खाली हैं, वेन्टीलेटर, ऑक्सीजन की उपलब्धता की स्थिति, नये पॉजिटिव केसेस और मृत्यु की जानकारी का विवरण दिया जाए। नियमित रूप से सर्वदलीय बैठकों का आयोजन हो। श्रीमती पटेल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कोविड संक्रमण के विश्वव्यापी संकट के समय सभी राजनैतिक दल कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग के लिए तत्पर हैं, यह अत्यंत हर्ष का विषय है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में जो नये सुझाव आए हैं, उन पर अमल किया जाए।

प्रदेश में 83 हजार कोरोना वॉलेंटियर्स

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में अभी तक 83 हजार व्यक्तियों ने कोरोना वॉलेंटियर्स के रूप में अपना पंजीयन करवाया। ये कोरोना संबंधी जन-जागरूकता फैलाने, कोरोना वैक्सीनेशन आदि के संबंध में लोगों की मदद कर रहे हैं।

पर्याप्त बिस्तर एवं ऑक्सीजन की व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में कोरोना के उपचार के लिए पर्याप्त बिस्तरों, ऑक्सीजन सप्लाई, इंजेक्शन, दवाओं आदि की व्यवस्था है। निजी अस्पतालों को भी अनुबंधित किया जा रहा है। भोपाल में आरकेडीएफ अस्पताल के साथ भी अनुबंध किया जा रहा है। हर जिले में कोविड केयर सेंटर चालू किए जा रहे हैं। अस्पतालों में 'ऑक्सीजन कंसंट्रेटर' की भी व्यवस्था की जा रही है। यह मशीन हवा से सीधे ऑक्सीजन खींचकर मरीज को देती है। श्री चौहान ने कहा कि वर्तमान संकट से निपटने के लिए सरकार सभी दलों से चर्चा कर उनके सुझाव लेती रहेगी। जिला स्तर पर भी सर्वदलीय बैठक आयोजित कर सुझाव लिए जाएंगे। सुझावों का क्रियान्वयन किया जाएगा।

प्रदेश में 291 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए राशि स्वीकृत

भोपाल, लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने प्रदेश में 14 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की 291 किलोमीटर सड़कों के निर्माण तथा सुदृढ़ीकरण के लिए भारत सरकार द्वारा 726 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर, केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी के प्रति आभार ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण से विकास को नई गति मिल सकेगी।

प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग श्री नीरज मंडलोई ने बताया कि भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश में 14 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के तहत नवीन मार्गों की डीपीआर तैयार करने, पूर्व से स्थापित राष्ट्रीय राजमार्ग के सुदृढ़ीकरण तथा नवीन मार्गों के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है।

प्रमुख सचिव ने बताया कि एनएच 30 पर सोहागी, गढ़ और कटरा कस्बे में सड़क मार्गों के सुदृढ़ीकरण के लिए 7 करोड़ 83 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार 572 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने के लिए 21 करोड़ 87 लाख रुपये, गुलगंज से अमानगंज एनएच 43 के सुदृढ़ीकरण के लिए 7 करोड़ 45 लाख रुपये, सागर से छतरपुर एनएच 86 के सुदृढ़ीकरण के लिए 22 करोड़ 65 लाख रुपये, दमोह, हीरापुर एनएच 12 के लिए 9 करोड़ 11 लाख रुपये, सागर टोला से शहडोल राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए 19 करोड़ 67 लाख रुपये, दिनारा-पचोर-चंदेरी-मुंगावली से मेलुआ चौराहे तक राष्ट्रीय राजमार्ग के सुदृढ़ीकरण के लिए 18 करोड़ 19 लाख रुपये तथा सीधी-सिंगरौली हाईवे के लिए 529 करोड़ 40 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही एनएच 26A पर टोल प्लाजा के निर्माण के लिए 9 करोड़ 42 लाख रुपये, भोपाल शहर से गुजरने वाले एनएच 86 के सुदृढ़ीकरण के लिए 6 करोड़ 61 लाख रुपये और बमीठा-खजुराहो सड़क मार्ग के लिए 73 करोड़ 43 लाख रुपये की स्वीकृति भारत सरकार द्वारा दी गई है।

शासकीय विद्यालयों में 13 जून तक रहेगा ग्रीष्मकालीन अवकाश

भोपाल, स्कूल शिक्षा एवं सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने बताया कि प्रदेश में कक्षा पहली से आठवीं तक के शासकीय एवं अनुदान प्राप्त समस्त विद्यालयों के लिए 15 अप्रैल से 13 जून 2021 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। इसके साथ ही अशासकीय विद्यालयों में कक्षा पहली से आठवीं तक की कक्षाओं का भौतिक संचालन 30 अप्रैल 2021 तक नहीं किया जाएगा। इन कक्षाओं का ऑनलाइन शिक्षण कार्य जारी रह सकेगा। श्री परमार ने बताया कि प्रदेश में सभी शासकीय एवं अशासकीय छात्रावासों को तत्काल प्रभाव से बंद किया गया है। श्री परमार ने कहा कि वर्तमान कोरोना महामारी की परिस्थिति और विद्यालयीन छात्रों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध सभी जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक एवं प्राचार्य को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कक्षा पहली से आठवीं तक की शालाओं में कार्यरत सभी शासकीय शिक्षक ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बोर्ड परीक्षाओं के पूर्ण होने तक मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। बोर्ड परीक्षा के दौरान पर्यवेक्षण या अन्य शासकीय कार्य के लिए ड्यूटी लगाए जाने पर आवश्यक रूप से उपस्थित होंगे। बोर्ड परीक्षाएं संबंधित बोर्ड, माध्यमिक शिक्षा मंडल, सीबीएसई, आईसीएसई इत्यादि के निर्देश के अनुसार ही आयोजित होंगी।

टीका उत्सव में 11 लाख 42 हजार नागरिकों का हुआ वैक्सीनेशन

भोपाल, कोरोना महामारी को रोकने का सबसे कारगर उपाय टीका है। इसी मुहिम को और तेज करने के लिये 11 अप्रैल से महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती से टीका उत्सव शुरू किया गया, जो 14 अप्रैल अम्बेडकर जयंती तक संपूर्ण भारत में चलाया गया। टीका उत्सव में मध्यप्रदेश में टीकाकरण केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाकर सभी जगह मानव संसाधन, वैक्सीन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की पूर्ति की गई। प्रदेश में कोविड-19 से बचाव के लिए टीका उत्सव के तीसरे दिन तक 11 लाख 41 हजार 958 लोगों को वैक्सीन लगाई गई।

टीका उत्सव को सफल बनाने के लिये जन-आंदोलन के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को टीका लगाने के लिए सभी जिलों ने अपनी अलग-अलग रणनीति बनाई गई। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा घर-घर संपर्क कर लोगों को प्रेरित कर रही हैं। स्थानीय जन-प्रतिनिधि, धर्मगुरुओं, सामाजिक संगठन आदि के सहयोग से टीकाकरण किया जा रहा है।

अपर संचालक, टीकाकरण ने बताया कि अभी तक प्रदेश में 66 लाख 31 हजार 149 नागरिकों का वैक्सीनेशन हो चुका है। इनमें करीब 8 लाख 13 हजार 624 हेल्थ वर्कर और फ्रंट लाइन वर्कर जिन्होंने पहला डोज लिया और 5 लाख 42 हजार 843 लोगों ने दूसरा डोज लिया। इसके अतिरिक्त 45 वर्ष से अधिक वर्ष की आयु सीमा वाले 52 लाख 74 हजार 682 लोगों ने टीका लगवाया। 16 जनवरी के पश्चात 87 दिन में सर्वाधिक एक दिन में 12 अप्रैल 2021 को 4 लाख 29 हजार लोगों का ऐतिहासिक टीकाकरण किया गया।

नागरिक आयुष पद्धति अपनायें - आयुष मंत्री

भोपाल, आयुष राज्यमंत्री श्री रामकिशोर कांवरे ने विश्व होम्योपैथी दिवस (हैनीमैन जयंती) पर महान विद्वान, भाषाविद एवं प्रशंसित वैज्ञानिक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन का स्मरण किया। उन्होंने इस अवसर पर नागरिकों को आयुष पद्धति अपनाने को भी कहा है।

श्री कांवरे ने कहा है कि होम्योपैथी औषधि प्रभावी एवं रुचिकर है। इनका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं होता है। इसका सेवन भी आसान है। इन औषधियों का उपयोग अब केवल सर्दी-जुखाम तक ही सीमित नहीं है। इसके अलावा कई असाध्य एवं जटिल रोगों के लिये तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी होम्योपैथी का उपयोग कारगर है।

कोरोना महामारी में आयुष विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में आर्सेनिकम एल्बम-30 का वितरण किया जा रहा है।

होम्योपैथी चिकित्सा का ही एक सैद्धांतिक रूप है, जो 'समः समम् समयति' या 'समरूपता' औषधि सिद्धांत पर आधारित है। इस पद्धति में रोगियों का उपचार न केवल होलिस्टिक दृष्टिकोण के माध्यम से किया जाता है, बल्कि रोगी की व्यक्तिवादी विशेषताओं को समझकर एवं उनकी स्वयं की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर रोग को नष्ट करने के योग्य बनाया जाता है।

धान मिलिंग के लिए प्रदेश के बाहर के मिलर्स आमंत्रित

भोपाल, खरीफ वर्ष 2020-21 के लिए धान उपार्जन एवं निस्तारण के लिए प्रदेश के बाहर के मिलर्स को आमंत्रित किया जाएगा। धान एवं निस्तारण के लिए गठित मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री विसाहूलाल सिंह ने बताया कि इस संबंध में शीघ्र ही विज्ञापन जारी कर मिलर्स को आमंत्रित किया जाएगा। समिति की बैठक में वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, कृषि मंत्री श्री कमल पटेल, सहकारिता मंत्री श्री अरविन्द भदौरिया एवं आयुष तथा जल-संसाधन राज्यमंत्री श्री रामकिशोर कांवरे ने वर्चुअली हिस्सा लिया।

धान मिलिंग के लिये गठित मंत्रिमंडलीय बैठक में मंत्रिपरिषद के सदस्य शामिल हुये।

प्रोत्साहन राशि में की दोगुनी वृद्धि

खाद्य मंत्री ने बताया कि विगत दिनों मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के साथ हुई चर्चा में मिलर्स द्वारा प्रोत्साहन राशि को 25 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 50 रुपये किए जाने का अनुरोध किया था। मुख्यमंत्री द्वारा प्रोत्साहन राशि 50 रुपये प्रति क्विंटल कर दी गई। बाद में मिलर्स द्वारा धान के टूटन का हवाला देते हुए नुकसान के कारण मिलिंग में रुचि नहीं लेते हुए इसे 100 एवं 200 रुपये प्रति क्विंटल किए जाने की मांग की है।

श्री विसाहूलाल सिंह ने बताया कि अन्य राज्यों में मिलर्स को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि में क्रमशः उत्तरप्रदेश में 20 रुपये प्रति क्विंटल, छत्तीसगढ़ में अरवा और उष्णा चावल के लिए 20, 40 और 45 रुपये प्रति क्विंटल, आंध्र प्रदेश में सार्टेक्स चावल के लिए 60 एवं अच्छे चावल के लिए 50 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

सहकारिता मंत्री श्री अरविन्द भदौरिया ने कहा कि अन्य राज्यों की तुलना में 100 एवं 200 रुपये की राशि व्यवहारिक रूप से बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि मिलिंग के लिए अन्य राज्यों के मिलर्स को आमंत्रित किया जाना चाहिए। जहां तक टूटन का प्रश्न है टूटन अन्य राज्यों में भी होगी।

राज्य शासन द्वारा समय-सीमा में धान उपार्जन के दौरान मिलिंग शुरू करने के लिए नीति बनाई गई, प्रोत्साहन राशि को दोगुना करने के साथ ही प्रतिभूति राशि 60 से 70 प्रतिशत की गई। मिलर्स द्वारा धान/चावल गोदाम से मिल तक ले जाने एवं लाने के लिए परिवहन की दरें निर्धारित की गई। धान की लोडिंग-अनलोडिंग करने के लिए दरें जारी की गई। पूर्व में यह लोडिंग-अनलोडिंग का प्रावधान नहीं था। इसके अलावा मिलर्स को समय पर भुगतान किया जा सके, इसके लिए देयकों के ऑनलाइन बिलिंग का प्रावधान किया गया।

बैठक में कोरोना संक्रमण के कारण मिलर्स एसोसिएशन की ओर से सतना से ललित माहेश्वरी, बालाघाट से गंभीर संचेती, सिवनी से आशीष अग्रवाल, रीवा से दिलीप सिंह, जबलपुर से मुकेश जैन, कटनी से श्री करमचंद असरानी, दावत फूड से श्री राजेन्द्र वाधवान, रॉयल ग्रेन्स से श्री अब्दुल ताहिर, सागर से श्री क्षितिज मित्तल, श्री विज्ञान लढढा एवं श्री शंकर मेहानी ने वर्चुअली हिस्सा लिया।

संचालक खाद्य श्री तरुण पिथौड़े एवं प्रबंध संचालक नागरिक आपूर्ति निगम श्री अभिजीत अग्रवाल ने इस बैठक से वर्चुअली जुड़े।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

रेमडेसिविर और ऑक्सीजन की मांग अनुसार व्यवस्था

भोपाल, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान लगातार प्रदेश में कोरोना की स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने समीक्षा कर निर्देश दिये हैं कि सभी जिलों में कोविड केयर सेंटर स्थापित कर उन्हें सक्रिय किया जाये। लगभग सभी जगह यह सेंटर स्थापित भी हो चुके हैं। उन्होंने निर्देश दिये हैं कि जो लोग होम आइसोलेशन में हैं उनकी कंट्रोल एवं कमाण्ड सेंटर के माध्यम से दिन में दो बार मॉनीटरिंग हो और उन्हें चिकित्सीय सहायता दी जाये तथा उनसे बात भी की जाये। होम आइसोलेशन वाले मरीजों का फिजीकल वेरीफिकेशन करने के निर्देश भी दिये गये हैं। सभी हॉस्पिटल में ऑक्सीजन की सुचारु व्यवस्था हो, इसका आंकलन किया गया है। प्रदेश स्तर पर अलग-अलग अधिकारियों को भी ऑक्सीजन, रेमडेसिविर आदि की जिम्मेदारी दी गई है।

श्री सारंग ने बताया कि संक्रमण को रोकने के लिये जिला स्तर पर जन-जागरण के अभियान चलाने को भी कहा गया है। लोगों में सामाजिक चेतना जगाने के लिये वॉलेंटियर की सहायता भी ली जा रही है। प्रदेश में कुल 21 हजार 862 यूनिट रेमडेसिविर की आपूर्ति की गई है। इसको प्रदेश के विभिन्न जिलों में वितरित किया गया है।

उन्होंने कहा कि इसकी कालाबाजारी न हो इस संबंध में औषधि निरीक्षक को आदेश दिये गये हैं। साथ ही एमआरपी से ज्यादा मूल्य पर भी इसे कोई न बेचे, इसकी भी निगरानी करने के निर्देश दिये गये हैं। विगत दो दिन में 476 निरीक्षण भी किये गये हैं। प्रदेश में लगभग 244 मीट्रिक टन ऑक्सीजन प्रतिदिन उपलब्ध हो रही है, जो लगभग मांग के बराबर है।

रोको-टोको अभियान के तहत दिया जा रहा है कोरोना से बचाव का संदेश

सामाजिक संगठनों के सहयोग से जन–जागरूकता गतिविधियां

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में चलाये जा रहे रोको-टोको अभियान के तहत कोविड-19 की रोकथाम एवं संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिये जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री लोगों से मास्क पहनने का निरंतर आग्रह कर रहे हैं। विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं, जन-प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से कोरोना की रोकथाम के लिये जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

संचालक, राज्य स्वास्थ्य सूचना शिक्षा संचार ब्यूरो, मध्यप्रदेश ने बताया कि रोको-टोको अभियान के तहत भोपाल जिले में प्रचार-रथ द्वारा पेम्फलेट वितरण एवं फैंसी ड्रेस कलाकारों के माध्यम से लोगों को मास्क पहनने की समझाइश दी जा रही है। विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से कोविड-19 संबंधी प्रोटोकॉल का पालन करने का संदेश दिया जा रहा है। यमराज और चित्रगुप्त के वेष में सार्वजनिक जगहों पर मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिये संदेश दिया जा रहा है।

रोको-टोको अभियान में मार्च माह में विट्टन मार्केट, 10 नम्बर मार्केट, मनीषा मार्केट, कोलार रिलायंस के सामने, नयापुरा, बंजारी, काली मंदिर, चूना भट्टी तथा 31 मार्च को डीआईजी बंगला, करोंद चौराहा, पीपुल्स मॉल, नादरा बस-स्टैण्ड, भोपाल रेलवे स्टेशन, इतवारा एवं बुधवारा में जागरूकता रथ और कठपुतली के माध्यम से कोरोना से बचाव की समझाइश दी गई। इसी तरह अप्रैल माह में अशोका गार्डन, आईएसबीटी, अवधपुरी चौराहा, गाँधी मार्केट, सांई बोर्ड, 11 नम्बर, 10 नम्बर मार्केट, विट्टन मार्केट, नेहरू नगर चौराहा, कोटरा चौराहा, माता मंदिर, तुलसी नगर, सेकेण्ड स्टॉप, 5 नम्बर स्टॉप, कोलार सागर गैरे, जे.पी. अस्पताल, 6 नम्बर मार्केट, आरटीओ ऑफिस, मनीषा मार्केट, औरा मॉल, सर्वधर्म चौराहा, बीमा कुंज, गेहूँखेड़ा, इकबाल मैदान, हमीदिया अस्पताल, पीरगेट, सुल्तानिया रोड, 4 बत्ती चौराहा, लिली टॉकीज, जिंसी चौराहा, 80 फीट रोड, अशोका गार्डन, रेलवे स्टेशन क्षेत्रों में जागरूकता रथ और कठपुतली के माध्यम से लोगों को रोको-टोको अभियान के तहत कोरोना से बचाव की समझाइश दी गई।

ऐसी व्यवस्था करें जिससे लोगों का काम-धंधा और रोज़ी-रोटी चलती रहे

कोरोना के इलाज के लिए पर्याप्त ऑक्सीजन, रेमडेसिविर इंजेक्शन और दवाओं की व्यवस्था

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कोरोना के इलाज की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में लॉकडाउन नहीं कोरोना कर्फ्यू है। ऐसी व्यवस्था करें, जिससे लोगों का काम-धंधा और रोज़ी-रोटी चलती रहे। गांवों में पंचायतें एवं शहरों में रहवासी संघ, मोहल्ला समितियां स्वयं कन्टेनमेंट क्षेत्र बनाएं। अनावश्यक रूप से लोग घर से बाहर न निकलें। एक-दो व्यक्ति बाहर जाकर सभी के लिए आवश्यकता की वस्तुएं ले आएं। स्व-प्रेरणा से इस प्रकार का संयम रखकर हम शीघ्र कोरोना पर प्रभावी नियंत्रण कर सकते हैं। जन-जागरण से ही संक्रमण की चेन टूटेगी। मंत्रीगण अपने-अपने प्रभार के जिले में इस कार्य में जी-जान लगा दें। मध्यप्रदेश के सभी जिलों में कोरोना के इलाज के लिए पर्याप्त बिस्तर, ऑक्सीजन, रेमडेसिविर इंजेक्शन, दवाओं आदि की व्यवस्था है। कोरोना संबंधी व्यवस्थाओं में पैसे की कमी नहीं आने दी जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये कहीं।

आस्पतालों में हो अच्छा प्रबंधन

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी जिलों में आस्पतालों में अच्छे से अच्छा प्रबंधन हो। बड़े अस्पतालों में लिक्विड ऑक्सीजन संयंत्र तथा एयर सेपरेशन यूनिट की व्यवस्था और हर जिले में सीटी स्कैन मशीन की व्यवस्था भी की जा रही है।

सेवानिवृत्ति की अवधि बढ़ाएं

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ की सेवानिवृत्ति अवधि बढ़ाएं, जो सेवानिवृत्त हो गए हैं यदि वे चाहें तो उन्हें संविदा पर रखा जाए। सभी अस्पतालों में स्टाफ की पर्याप्त व्यवस्था हो।

प्रधानमंत्री की 4 बातें याद रखें

श्री चौहान ने कहा कि कोरोना नियंत्रण के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की चार बातें 'ईच वन वैक्सीनेट वन' (हर व्यक्ति कम से कम एक व्यक्ति को टीका लगवाने में मदद करे), 'ईच वन ट्रीट वन' (हर व्यक्ति कम से कम एक व्यक्ति का इलाज करवाने में मदद करे), 'ईच वन सेव वन' (हर व्यक्ति कम से कम एक व्यक्ति को मास्क लगवाए और उसे कोरोना से सुरक्षित करे) तथा कोरोना संक्रमण रोकने के लिए 'स्व-प्रेरणा से माइक्रो कन्टेनमेंट जोन' बनाएं।

सामान्य सर्दी, जुकाम, बुखार के लिए भी दवाओं की किट दें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सामान्य सर्दी, जुकाम, बुखार आदि के लिए भी दवाओं की किट देने की व्यवस्था की जाए।

इंदौर एवं भोपाल में सर्वाधिक प्रकरण

बैठक के दौरान जिलेवार समीक्षा में पाया गया कि प्रदेश में कोरोना के सर्वाधिक प्रकरण इंदौर और भोपाल में आ रहे हैं। इसके साथ ही ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, बड़वानी, शाजापुर, सागर, बैतूल, झाबुआ, रीवा, विदिशा, कटनी, राजगढ़, नरसिंहपुर और रतलाम में भी कोरोना प्रकरणों की संख्या में तेजी आई है।

जरूरी हो तब ही रेमडेसिविर दिया जाए

अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य श्री सुलेमान ने कहा कि मरीजों को डॉक्टर की सलाह अनुसार जरूरी हो तब ही रेमडेसिविर इंजेक्शन दिया जाए। कम संक्रमण में डॉक्टर की सलाह अनुसार टेमी फ्लू या अन्य दवा दी जा सकती है।

1075 कॉल सेंटर को बनायें प्रभावी

हर जिले में 1075 कॉल सेंटर को प्रभावी बनाया जाए। सेंटर पर जिले में बिस्तरों आदि की व्यवस्था की अद्यतन जानकारी हो। यह कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का नंबर है, जिसके माध्यम से होम आइसोलेशन की मॉनीटरिंग की जाती है। होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों की भी अच्छी देखभाल सुनिश्चित किए जाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए।

महाविद्यालयीन परीक्षाएं समय-सीमा में कराई जाएं - उच्च शिक्षा मंत्री

भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उज्जैन के बृहस्पति भवन में प्रदेश के विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रारों को महाविद्यालयीन परीक्षाएं समय-सीमा में कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं के संचालन, परीक्षा परिणाम, प्रायोगिक परीक्षाएं, नवीन पाठ्यक्रमों आदि विन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिये हैं कि महाविद्यालयीन परीक्षाओं के दौरान कोरोना महामारी के चलते सरकार की गाइडलाइन का अनिवार्य रूप से पालन किया जाये।

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि एलएलबी फायनल के परीक्षापरिणाम समय पर घोषित किये जायें। परीक्षाओं की कॉपी विद्यार्थी स्वयं अपने नजदीकी महाविद्यालयों में जमा करवा सकते हैं। विद्यार्थियों को कोविड महामारी में किसी प्रकार की तकलीफ न उठानी पड़े, यह सुनिश्चित किया जाये। परीक्षाओं में सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क, पहनना, सरकार की गाइडलाइन का विशेष रूप से ध्यान देकर पालन किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि परीक्षा केन्द्रों की संख्या बढ़ायें। छात्रों का नामांकन एक ही बार हो, यह भी सुनिश्चित किया जाये। बार-बार नामांकन की प्रक्रिया न हो, इसका अवश्य ध्यान रखा जाये। प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन ने सत्र 2020-21 की विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं के संचालन, स्नातकोत्तर प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम, प्रायोगिक परीक्षाओं, विश्वविद्यालय, महाविद्यालय में नवीन पाठ्यक्रमों के संचालन तथा नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों के नामांकन/यूनिक आईडी/पात्रता के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में नवीन पाठ्यक्रम के संचालन जैसे कृषि, वेटनरी, हार्टिकल्चर, मेडिकल कॉलेज एवं टूरिज़्म, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कोर्सों के बारे में भी विस्तार से चर्चा कर संबंधित रजिस्ट्रारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रारों के साथ चर्चा करते हुये।

कोविड केयर सेंटर के निरीक्षण के लिए दल गठित

भोपाल, जिलों के शासकीय भवनों में संचालित कोविड केयर सेंटर की व्यवस्थाओं के सतत् निरीक्षण के लिये दल गठित किये गये हैं। गठित दल में प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय और प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज को दायित्व सौंपे हैं।

राज्य शासन द्वारा प्रत्येक जिले के लिये गठित दल को जिले में संचालित समस्त कोविड केयर सेंटर्स का सप्ताह में दो बार अनिवार्य रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिये हैं। दल द्वारा यह निरीक्षण सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को किया जाएगा।

प्रत्येक सोमवार को मोबाइल एप के माध्यम से निरीक्षण प्रतिवेदन और अंकों के आधार पर मार्किंग भी की जाएगी।

दल द्वारा किये जाने वाले निरीक्षण में कोविड केयर सेंटर की सभी अधोसंरचना, मेडिकल, भोजन, साफ-सफाई और वहाँ के रहवासियों तथा परिजनों का फीडबैक भी प्रतिवेदन में शामिल किया जाएगा।

विज्ञान और गणित विषय पर कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण

भोपाल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर द्वारा कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान एवं गणित विषय पर आधारित कार्यक्रम, प्रत्येक बुधवार शाम 4 बजे से 5 बजे तक ऑनलाइन प्रसारित किया जाएगा। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत इस कार्यक्रम की शुरुआत 14 अप्रैल से हो गई है।

कार्यक्रम की यू-ट्यूब लिंक एमपीएसएसए और एपीसी अकादमिक वॉट्सएप ग्रुप में भेजी जाएगी। यह कार्यक्रम प्रदेश के विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों एवं पालकों के लिए भी समान रूप से उपयोगी है। विद्यार्थियों के साथ-साथ विज्ञान एवं गणित विषय के सभी शिक्षक, सभी बीएसी, सीएसी, एपीसी अकादमिक स्टाफ, डाइट फैकेल्टी और STEAM के लिये चयनित सभी विद्यालयों के शिक्षक कार्यक्रम का ऑनलाइन लाभ उठा सकेंगे। कार्यक्रम की सतत् मॉनीटरिंग राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा की जायेगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

चर्चा में

तरुण बजाज

नये राजस्व सचिव होंगे

केंद्र सरकार ने तरुण बजाज को राजस्व सचिव नियुक्त किया है। बजाज 1988 बैच के हरियाणा कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। फिलहाल वो वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव हैं। कार्मिक मंत्रालय की तरफ से जारी आदेश के अनुसार मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने बजाज की राजस्व सचिव के रूप में नियुक्ति को मंजूरी प्रदान कर दी है।

ऑनलाइन नीलामी में

सुपरमैन की पुरानी कॉमिक 24 करोड़ में बिकी

कॉमिक कनेक्ट डॉट कॉम ने सुपरमैन की एक पुरानी कॉमिक की ऑनलाइन नीलामी की। यह कॉमिक 3.25 मिलियन डॉलर (करीब 24 करोड़ रुपये) में बिकी। इससे पहले 2014 में एक कॉमिक की नीलामी 3.2 मिलियन डॉलर (करीब 23.87 करोड़ रुपये) में बिक चुकी है। नई नीलामी ने उस बिक्री का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सुपरमैन कॉमिक 1938 में पब्लिश हुई थी।

ट्विटर पर

रूस में इंटरनेट कानून के उल्लंघन पर लगा जुर्माना

रूस की एक अदालत ने ट्विटर पर 1.16 लाख डॉलर (लगभग 85 लाख रुपये) का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना ट्विटर के द्वारा अपने प्लेटफॉर्म से प्रतिबंधित सामग्री नहीं हटाने पर किया गया है। अदालत ने ट्विटर को रूस के इंटरनेट कानून के उल्लंघन का दोषी पाया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक जिस प्रतिबंधित सामग्री को लेकर जुर्माना किया गया है, उनमें से कुछ में नाबालिग बच्चों से गैर-कानूनी विरोध प्रदर्शन में भाग लेने का अनुरोध किया गया था, इसमें ड्रग के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया गया था। ट्विटर को इस आदेश के प्रभावी होने के दिन से दो महीने के भीतर जुर्माने की रकम चुकानी होगी।

व्लादिमीर पुतिन

सर्वे में रूस के सबसे 'आकर्षक पुरुष' बने

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को देश का सबसे आकर्षक पुरुष घोषित किया गया है। सुपर जॉब नाम की जॉब बोर्ड साइट के सर्वे के 18 प्रतिशत पुरुषों और 17 प्रतिशत महिलाओं ने पुतिन को चुना। हालांकि यह पिछले साल की तुलना में एक प्रतिशत कम था। पुतिन के बाद दूसरे नंबर पर दिमित्री नागियेव रहे। सर्वे में रूस के 300 शहरों से 1000 पुरुषों और 2000 महिलाओं को शामिल किया गया था।

अमेरिका में

शोधकर्ताओं ने किया वायरलेस ब्रेन कम्प्यूटर इंटरफेस का ट्रायल

अमेरिका के ब्राउन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने लकवाग्रस्त इंसानों पर वायरलेस ब्रेन-कम्प्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) सिस्टम का ट्रायल किया है। यह पूरी तरह सफल रहा है। इसे ब्रेनगेट नाम दिया है। इससे दिमाग से मिले रिग्नल्स के आधार पर कम्प्यूटर स्क्रीन पर टाइप किया जा सकता है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में मानसिक तरंगों के जरिये कम्प्यूटर में आसानी से टाइप हो जाने वाली यह प्रक्रिया कारगर होने के साथ ही कम समय में तेजी से ज्यादा लिखने में मददगार होगी।

मिस्र में

तोपों की सलामी के बाद 22 ममियों की निकली परेड

मिस्र में पिछले दिनों शाही परेड निकाली गई। यह परेड 300 साल पुरानी 22 ममी की थी, जिन्हें राजधानी काहिरा से 8 किलोमीटर दूर नेशनल म्यूजियम में ले जाया गया। परेड शुरू होने से पहले ममियों को 21 तोपों की सलामी दी गई। फिर भव्य लाइट-म्यूजिक कार्यक्रम के दौरान म्यूजियम पहुंचाया गया। इन ममियों में 18 राजा और 4 रानियों की ममी थीं। इनमें राजा रामसेस द्वितीय, सेती प्रथम, रानी हटशेपसूट शामिल हैं। इस परेड के दौरान लोग पारंपरिक वेशभूषा में नजर आये।

ब्रिटेन

सोसाइटीज ऑफ फोटोग्राफर्स ने घोषित किया फोटो ऑफ द ईयर अवॉर्ड

सोसाइटीज ऑफ फोटोग्राफर्स ने 2021 के लिये फोटो ऑफ द ईयर अवॉर्ड की घोषणा कर दी है। करीब 10 हजार तस्वीरों में से लैंडस्केप श्रेणी में रोमानिया की फोटोग्राफर डायना वुजोइआनू की दक्षिण पूर्वी इंग्लैंड की नॉरफ्लॉक समुद्र तट की ड्रोन से खींची गई तस्वीर को विजेता चुना गया है। सोसाइटी के डायरेक्टर कॉलिन डोन्स के मुताबिक कुल 9,804 तस्वीरें बतौर एंट्री मिली थीं। इन्हीं में से विजेता का चयन किया गया था।

गूगल

महिला सहकर्मियों को बर्खास्त करने पर वैज्ञानिक का इस्तीफा

गूगल के वरिष्ठ एआई वैज्ञानिक सैमी बेंजियो ने गूगल छोड़ने की घोषणा की है। बेंजियो का इस्तीफा 2 महिला सह कर्मियों टिमनिट गेब्रु और मार्गरेट मिचेल की बर्खास्तगी के विरोध में दिया गया है। विविधता को लेकर एक पेपर पर काम कर रहीं गेब्रु को दिसंबर 2020 में कंपनी से निकाल दिया गया था। बतौर मिचेल उन्हें गेब्रु की बर्खास्तगी के खिलाफ बोलने के लिये निकाला गया।

कैप्टन-7

जासूसी सीरीज बनायेंगे धोनी

पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी 'कैप्टन-7' नाम से एक एनिमेटेड सीरीज का निर्माण करने जा रहे हैं। धोनी और उनकी पत्नी साक्षी के प्रोडक्शन हाउस धोनी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड और ब्लैक व्हाइट ऑरेंज ब्रैंड प्राइवेट लिमिटेड संयुक्त रूप से इसका निर्माण कर रहे हैं। इसे देश का पहला एनिमेटेड जासूसी शो बताया जा रहा है। इसका पहला सीजन 2022 में रिलीज होगा।

याहू आन्सर

अब पोस्ट नहीं होंगे नये सवाल

करीब 16 साल पहले शुरू हुआ याहू आन्सर प्लेटफॉर्म मई महीने से काम करना बंद कर देगा। कंपनी ने एक नोट जारी कर इस संबंध में जानकारी साझा की है। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी ने कहा है कि 20 अप्रैल के बाद इस प्लेटफॉर्म पर नया सवाल पोस्ट नहीं हो सकेगा।

सैम बहादुर

फील्ड मार्शल मानेकशॉ पर बनेगी बायोपिक

2021_PHED_....._1	पनिगवां, शिवपुर, नेवूहा, पटपरा, रामपुर एवं सूजी	मऊगंज	357.26	357260/-	15000/-	09 माह (वर्षाऋतु सहित)

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
जी-11444/45475/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, मऊगंज जिला रीवा (म.प्र.)

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बैतूल

E-mail id : cmhobet@nic.in, Phone : 07141-234351

क्र./संविदा-स्थापना/2021/4698 बैतूल, दिनांक : 06.04.2021

विज्ञप्ति

मिशन संचालक महोदया, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक/एन.एच.एम./एच.आर./सेल-1/2021/5789 भोपाल, दिनांक 31.03.2021 एवं 4832 भोपाल दिनांक 17.03.2021 में निहित निर्देशानुसार कोविड-19 महामारी की रोकथाम/नियंत्रण हेतु कोविड केयर सेंटर (सी.सी.सी.)/आर.आर.टी. टीम/फीवर क्लीनिक को पुनः क्रियाशील करने तथा कोविड आई.सी.यू. हेतु **संविदा आयुष चिकित्सा अधिकारी/संविदा स्टाफ नर्स/संविदा लैब टैक्नीशियन/संविदा सपोर्ट स्टाफ** पदों पर **दिनांक 31 मई, 2021 तक** संविदा नियुक्ति राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला बैतूल में करने हेतु निर्धारित योग्यताधारी उम्मीदवारों हेतु निर्धारित शर्तों के अधीन आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। अंतिम तिथि विज्ञप्ति जारी होने के 3 दिवस तक होगी। (शासकीय कार्य दिवस में आमंत्रित किये जाते हैं)।

विस्तृत जानकारी एवं नियम व शर्तें पोर्टल **http://www.betul.nic.in** पर देखे जा सकते हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जी-11424/45476/2021 जिला बैतूल

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P.-11
("मेरी सड़क" एप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।)

NOTICE INVITING TENDER No. 155/MTN/2021

No. 6636/22/D-12/NIT-Maint./2021 Bhopal, Dated : 15.04.2021

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :

1. Table No. 1 : Name of Work – REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 5 YEAR).

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Agar	1	4424000.00
2.	Ashoknagar	2	28102000.00
3.	Bhopal	1	9178000.00
4.	Datia	2	13276000.00
5.	Dewas	8	53596000.00
6.	Harda	2	14864000.00
7.	Hoshangabad	2	18817000.00
8.	Katni	3	23755449.49
9.	Mandsour	1	26549000.00
10.	Morena	1	2882000.00
11.	Narsinghpur	2	20945000.00
12.	Ratlam	1	8651000.00
13.	Satna	1	6255000.00
14.	Shajapur	1	8980000.00
15.	Sidhi	1	7038000.00
16.	Singrauli	3	12443000.00
17.	Ujjain	3	16571000.00
18.	Vidisha	2	10997000.00

2. Table No. 2 : Name of Work – REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 10 YEAR).

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Ashoknagar	1	17550000.00
2.	Agar	1	8972000.00
3.	Anuppur	3	41841000.00
4.	Bhind	1	4531000.00
5.	Bhopal	1	3238000.00
6.	Datia	1	15764000.00
7.	Dewas	2	5358000.00
8.	Harda	2	17365000.00
9.	Indore	1	9105000.00
10.	Jabalpur	1	4194000.00
11.	Mandsour	1	19666000.00
12.	Narsinghpur	1	14135180.00
13.	Rewa	1	3495000.00
14.	Sidhi	1	1895000.00
15.	Singrauli	6	65189000.00
16.	Ujjain	2	7916000.00

3. Table No. 3 : Name of Work – REPAIR/MAINTENANCE OF THE RURAL ROADS FOR FIVE YEARS CONSTRUCTED UNDER PRADHAN MANTRI GRAM SADAK YOJNA. (POST 15 YEAR) (FTN).

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Anuppur	1	14686000.00
2.	Datia	1	5904000.00
3.	Dindori	1	11094000.00
4.	Dhar	1	3244000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **19.04.2021from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/100600/45486/2021 **(T & e-G)**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-02, भोपाल
मोबा. : 9425601534, ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/216/पयं/भोपाल-02/तशा/2021भोपाल, दिनांक : 09.04.2021

प्रेस विज्ञप्ति

'स्टेट कमाण्ड सेन्टर (100 डायल) भदभदा रोड, भोपाल में डीजल जनरेटर प्रदाय एवं प्रतिस्थापन का कार्य' हेतु निविदा क्रमांक-03/2021-22 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक-**MPPHCL/TENDER No. 2021_MPPHC_139493_1)** आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 26.04.2021 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/100575/45483/2021 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रमांक-02
डी-16 , कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)- 482002
ई-मेल : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 02/2021-22 शहडोल में पुलिस लाइन आवास क्र. एफ-1 से एफ-12 का टॉयलेट मरम्मत, दरवाजे बदली एवं पुताई का कार्य, जिला शहडोल का कार्य (ऑनलाइन निविदा क्र. **2021_MPPHC_139598**) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 23.04.2021 तक** खरीद कर सायं 18:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/100587/45485/2021 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-02, भोपाल
मोबा.: 9425601534 ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/215/पयं/भोपाल-02/तशा/2021 भोपाल, दिनांक : 09.04.2021

प्रेस विज्ञप्ति

'जिला-राजगढ़, ब्यावरा में अर्द्धशहरी थाना भवन (जीआरपी) का निर्माण कार्य एवं कटारा हिल्स भोपाल में ज्ञानोदय विद्यालय में सुदृढ़ीकरण/उन्नयन का कार्य हेतु निविदा क्रमांक-02/2021-22 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक- **MPPHCL/TENDER No. 2021_MPPHC_139484_1 & 2021_MPPHC_139489_1)** आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 10.05.2021 समय 5.00 बजे तक ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/100574/45482/2021 **परियोजना यंत्री**

M.P. STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD

Office of The Executive Engineer, Technical Division, Sagar
No./Board/Nirman/21-22/28 Sagar, Dated : 12.04.2021

Third Call
NOTICE INVITING TENDER

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for **System Tender Number 139582, Construction of Krashak Sangoshthi Bhawan in Sub Mandi Yard Bilehara and mandi yard Jaisinagar Distt. Sagar** Hard copies of Technical Bid documents with EMD & Financial offer as per Detailed NIT to be received online 29.04.2021 upto 17:30 Hrs. and physically up to17:30 Hrs. on dated 05.05.2021 through Speed post/Registered post by Indian Postal Department only at the Office of the Executive Engineer, M.P. State Agricultural Marketing Board, Technical Division, Padmakar Nagar, Makronia Distt. Sagar (M.P.). Bidders are required to offer their bids exclusive of applicable GST. The GST shall be paid by the department, to contractor separately. The tender documents can be obtained online on the **http://mpetenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in .**

Note: Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/100577/45484/2021 **EXECUTIVE ENGINEER**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-01 जबलपुर
1558 ऋषि कॉटेज, रतन कालोनी, जबलपुर (म.प्र.) - 482003
Ph. : 0761-4927201, Email : mpphcjabalpur@gmail.com

निविदा आमंत्रण

म.प्र. पुलिस आ.अधो.वि.नि. संभाग जबलपुर क्र.-01 में पोस्ट मेट्रिक सीनियर बालिका छात्रावास भवन का निर्माण कार्य आधारताल, जबलपुर हेतु निविदा क्र. 02/2021-22 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_139911) एवं एन.जी.ओ. एवं ओआर्स (81 क्वार्टस 09 ब्लॉक) के सीवर लाईन निर्माण/मरम्मत कार्य 6वीं वाहिनी वि.स.बल रॉंझी, जबलपुर हेतु निविदा क्र. 03/2021-22 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2021_MPPHC_139912) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 03.05.2021 समय 17.00 बजे तक ऑनलाइन खरीदे एवं सबमिट (प्रस्तुत) किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/100603/45487/2021 **परियोजना यंत्री**

OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
INDIRA SAGAR PROJECT (CANALS) SANAWAD
District : Khargone (M.P.)

E-Mail : celspnvdasand@gmail.com 07280-234608, Fax : 07280-234608

NOTICE INVITING TENDER

NIT No. 07/G/2021-22 **Sanawad, Dated : 31.03.2021**

Online tender on basis of Turnkey contract of following works are invited on portal http://**www.mptender.gov.in.** Brief information of tender in given below.

Description of Work	: Execution of balance work of Lower Goi (Shaheed Bhima Nayak Sagar) Project which includes construction, operation and maintenance of Distributary Canals, minor and Sub minor canals (DISNET) along with inline structure and ail ancillary works, creation of Irrigation system to supply water through gravitational open canal system up to the center of 40 Ha Chak in farmers field with duty of 0.770 Lit/Sec/Ha in culturable command area of 13760 hectares out of gross command area of 20616 ha.
Probable Amount of Work (Rs. in Cr.)	: Rs. 84.52 Cr.
Earnest money (Rs. in Lakhs)	: Rs. 42.26 Lakhs
Cost of tender Document	: Rs. 50000/- (not refundable)
Online tender Document sale Date	: 31.03.2021, 17.31 hrs. to 02.05.2021, 17.30 hrs.
Online bid Submission start/closing Date	: 31.03.2021, 17.31 hrs. to 02.05.2021, 17.30 hrs.
Bid opening Date	: **03.05.2021, 16.00 hrs. onwards**

Tender document can be purchased online only from above website after paying required amount through credit cards or internet banking. For detail information of tender visit the above Website.

CHIEF ENGINEER
Indira Sagar Project (Canals)
G-11502/45477/2021 **Sanawad, Distt.- Khargone (M.P.)**

कर्मचारियों की 25 प्रतिशत उपस्थिति के साथ लगेंगे कार्यालय

भोपाल, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा कोविड-19 की रोकथाम के उद्देश्य से कार्यालयीन कार्य करने वाले आधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति के संबंध में निर्देश जारी किए गये हैं। मंत्रालय एवं राज्य स्तरीय कार्यालयों में कोरोना कर्फ्यू (लॉकडाउन) की अवधि के दौरान प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों की उपस्थिति शत-प्रतिशत और तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की उपस्थिति 25 प्रतिशत रोटेशन के अनुसार होगी। जिला कलेक्टर कोरोना कर्फ्यू क्षेत्र में जिला/संभाग स्तरीय कार्यालयों को पूर्णतः या आंशिक रूप से संचालित करने का निर्णय ले सकेंगे। कर्तव्यस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए कोरोना के संक्रमण से बचाव हेतु मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन और अन्य समस्त आवश्यक सावधानियां रखने के निर्देश जारी किए गये हैं।

कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं एक माह के लिए स्थगित

भोपाल, स्कूल शिक्षा और सामान्य प्रशासन राज्यमंत्री श्री इन्दर सिंह परमार के निर्देश पर प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं एक माह के लिए स्थगित कर दी गई हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी, हायर सेकेंडरी (व्यवसायिक), डिप्लोमा इन प्री स्कूल एजुकेशन, शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षाएं अब जून माह में आयोजित की जाएंगी। यह परीक्षाएं जून माह के प्रथम सप्ताह से आरंभ की जाकर अंतिम सप्ताह तक संपन्न कराई जाएंगी, विस्तृत संशोधित परीक्षा कार्यक्रम शीघ्र जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मंडल द्वारा यह परीक्षाएं 30 अप्रैल एवं एक मई 2021 से प्रारंभ होना नियत थीं। प्रदेश में कोविड-19 के संक्रमण से बचाव और रोकथाम के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य एवं लोकहित में यह निर्णय लिया गया है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन कॉर्पोरेशन लिमिटेड, नई दिल्ली

पद का नाम - उप महाप्रबंधक (सिविल/अवसंरचना एवं भवन)
पदों की संख्या - 01
योग्यता - सिविल इंजीनियरी में डिप्लोमा
अंतिम तिथि - 23 अप्रैल 2021
www.ncrtc.in

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लिमिटेड, नई दिल्ली

पद का नाम - वरिष्ठ उप महाप्रबंधक/उपमहाप्रबंधक (योजना), प्रबंधक/सहायक प्रबंधक (स्ट्रैटेजिक योजना), महाप्रबंधक/सहायक प्रबंधक (पब्लिक पॉलिसी), प्रबंधक/सहायक प्रबंधक (परिवहन योजना), सहायक प्रबंधक/वरिष्ठ एग्जीक्यूटिव/एग्जीक्यूटिव (योजना)
पदों की संख्या - 01, 01, 01, 01, 02
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 23 अप्रैल 2021
www.ncrtc.in/career

छावनी बोर्ड कार्यालय कसौली, हिमाचल प्रदेश

पद का नाम - कम्प्यूटर प्रोग्रामर, सेनेटरी निरीक्षक
पदों की संख्या - 01, 01
योग्यता - कम्प्यूटर प्रोग्रामर - कम्प्यूटर इंजीनियरी/इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरी में स्नातक की डिग्री या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एमसीए पास किया हो।
सेनेटरी निरीक्षक - मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से 10वीं पास, मान्यता प्राप्त और अनुमोदित संस्था से सेनेटरी निरीक्षक डिप्लोमा।
वांछनीय - रसायन विज्ञान में बी.एससी. और कम्प्यूटर का ज्ञान।
अंतिम तिथि - 30 अप्रैल 2021
दूरवर्ती क्षेत्रों के उम्मीदवार - 15 मई 2021
आवेदन - छावनी बोर्ड, कसौली, जिला सोलन (हिमाचल प्रदेश) 173204 पर भेजें।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर

पद का नाम - सहायक अभियंता (विद्युत), कनिष्ठ अभियंता (सिविल/विद्युत)
पदों की संख्या - 02, 04
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 30 अप्रैल 2021
www.iitgn.ac.in/careers

सीएसआईआर कोशिकीय एवं आणविक जीव विज्ञान केंद्र, हैदराबाद

पद का नाम - कनिष्ठ सचिवालय सहायक - सामान्य, वित्त एवं लेखा, भंडार एवं क्रय
पदों की संख्या - 04, 01, 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 5 मई 2021
www.ccmb.res.in

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भिलाई

पाठ्यक्रम का नाम - एम. टेक और पीएच.डी.
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश शुरू है।
www.iitbhilai.ac.in

कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर, ओडिशा

पाठ्यक्रम का नाम - यूजी/पीजी - इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस, बायोटेक्नोलॉजी, आर्ट्स, डिजाइनिंग, फिल्म मेकिंग, प्रबंधन, एग्रीकल्चर, मास कम्युनिकेशन, पीएच.डी.
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ है।
www.kiit.ac.in

जीएलए यूनिवर्सिटी, मथुरा, यू.पी.

पाठ्यक्रम का नाम - यूजी एंड पीजी पाठ्यक्रम - साइंस, टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - प्रवेश प्रारंभ
www.gla.ac.in

अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान, फरीदाबाद

पाठ्यक्रम का नाम - पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (फायनेंस)
योग्यता - स्नातक (50 प्रतिशत अंकों सहित), कैट, जीमैट, जैट, सीमैट और मैट
अंतिम तिथि - 31 मई 2021
www.nifm.ac.in

इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, नया रायपुर

पाठ्यक्रम का नाम - पीएच.डी. और एमएस. (रिसर्च)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 30 अप्रैल 2021
www.iiitnr.ac.in

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग, मुंबई

पाठ्यक्रम का नाम - पीजी डिप्लोमा इन पैकेजिंग प्रोग्राम
योग्यता - स्नातक
अंतिम तिथि - 11 जून 2021
www.iip_in.com

मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद

पाठ्यक्रम का नाम - पीएच.डी./एम.टेक (पार्ट टाइम/स्पॉन्सर्ड)/एमबीए (पार्ट-टाइम)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 7 मई 2021
www.mnnit.ac.in

उज्जैन संभाग में

गांवों में नल से जल के लिए हो रहे 300 करोड़ रुपये के कार्य

भोपाल, मध्यप्रदेश की पूरी ग्रामीण आबादी को शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था किए जाने की दिशा में राज्य सरकार के प्रयास तेजी से जारी हैं। नल कनेक्शन से हर घर में पेयजल की आपूर्ति किए जाने के लिए पीएचई विभाग और जल निगम द्वारा जलसंरचनाओं की स्थापना एवं विस्तार के कार्य किए जा रहे हैं।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा उज्जैन संभाग में 365 जलप्रदाय योजनाओं का कार्य जारी है। जलप्रदाय योजनाओं की लागत 300 करोड़ 09 लाख 58 हजार रुपये है, जिनमें उज्जैन जिले की 78, देवास 68, शाजापुर 43, आगर-मालवा 28, रतलाम 84 मंदसौर 42 तथा नीमच की 22 जलसंरचनायें शामिल हैं। इन जिलों के विभिन्न ग्रामों में पूर्व से निर्मित पेयजल अधोसंरचनाओं को नये सिरे से तैयार कर रेट्रोफिटिंग के अन्तर्गत भी कार्य किये जा रहा हैं।

जल जीवन मिशन के तहत जलप्रदाय योजनाओं में जहां जलस्त्रोत हैं, वहां उनका समुचित उपयोग कर आसपास के ग्रामीण रहवासियों को पेयजल प्रदाय किया जायेगा। ऐसे ग्रामीण क्षेत्र जहां जलस्त्रोत नहीं हैं वहां जलस्त्रोत निर्मित किए जायेंगे। समूची ग्रामीण आबादी के लिए यह व्यवस्था चरणबद्ध तरीके से दिसम्बर 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

मध्यप्रदेश जल निगम भी उज्जैन संभाग के 38 ग्रामों में नल कनेक्शन के जरिये जल उपलब्ध कराने का कार्य कर रहा है।

एनएचएम ने तैयार की वेबसाइट

आमजन को एक क्लिक पर मिलेगी बेड्स उपलब्धता की जानकारी - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में कोरोना नियंत्रण के लिये सभी माकूल व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इन व्यवस्थाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिये विभिन्न संचार माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है। एनएचएम द्वारा तैयार की गई वेबसाइट www.sarthak.nhmmp.gov.in/covid/facility-bed-occupancy पर प्रत्येक जिले के निजी और सरकारी अस्पतालों में खाली बिस्तरों की संख्या, आइसोलेशन बेड्स, ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड्स और आईसीयू एवं एचडीयू बेड्स की जानकारी उपलब्ध रहेगी। यह जानकारी क्यू.आर. कोड को स्केन कर भी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण को रोकने के लिये 'मेरी सुरक्षा-मेरा मास्क', 'किल-कोरोना-2' अभियान की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की है कि कोविड-19 से जुड़ी अफवाहों से सावधान रहें, अफवाहों पर विश्वास न करें और न ही अफवाह फैलाएं।

श्री चौहान ने कहा कि कोरोना उपचार एवं व्यवस्थाओं को लेकर प्रतिदिन जिलेवार समीक्षा की जा रही है। प्रत्येक जिले में क्रायसिस मैनेजमेंट ग्रुप और समाज के प्रतिनिधियों से संवाद कर व्यवस्थाएं बनाने का काम किया जा रहा है। सभी जिलों में आवश्यकतानुसार दवाओं, ऑक्सीजन और रेमडेसिविर इंजेक्शन की पूर्ति की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना वॉलेंटियर्स के साथ आम नागरिक भी कोरोना नियंत्रण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए दो गज की दूरी बनाये रखें, चेहरे पर मास्क जरूर लगायें, फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करें और सार्वजनिक जगहों पर जाने से बचें। इन सावधानियों से कोरोना संक्रमण पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. **वाल्टेरी बोटास ने वर्ष 2020 में इनमें से कौन-सी फॉर्मूला-वन रेस जीती है?**
(अ) ब्रिटिश ग्रां प्री
(ब) आबूधाबी ग्रां प्री
(स) ऑस्ट्रियन ग्रां प्री
(द) इटेलियन ग्रां प्री

2. **भारत ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल-2014 में कितने स्वर्ण पदक जीते थे?**
(अ) 13 (ब) 15
(स) 19 (द) 23

3. **एएफसी एशियन कप का पहला संस्करण किस देश में आयोजित किया गया था?**
(अ) दक्षिण कोरिया
(ब) लेबनान
(स) कुवैत
(द) हांगकांग

4. **वन-डे क्रिकेट में विकेट के पीछे सबसे ज्यादा खिलाड़ियों को आउट करने वाले विकेटकीपर हैं?**
(अ) महेन्द्र सिंह धोनी
(ब) एडम गिलक्रिस्ट
(स) कुमार संगाकारा
(द) मार्क बाउचर

5. **वर्ष 2020 में यूएफा यूरोपा लीग का खिताब किस क्लब ने जीता है?**
(अ) मैनचेस्टर यूनाइटेड
(ब) लिवरपूल
(स) एटलेटिको मैड्रिड
(द) सेविला

6. **इनमें से किस एशियाई देश का राष्ट्रीय खेल तीरंदाजी है?**
(अ) भूटान
(ब) श्रीलंका
(स) दक्षिण कोरिया
(द) इंडोनेशिया

7. **मैरीकॉम ने इनमें से किस वर्ष मुक्केबाजी वर्ल्ड चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक नहीं जीता है?**
(अ) वर्ष 2002
(ब) वर्ष 2008
(स) वर्ष 2016
(द) वर्ष 2018

8. **इनमें से किस देश ने वर्ष 2009 में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीती थी?**
(अ) भारत
(ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) न्यूजीलैंड
(द) वेस्ट इंडीज

9. **दुती चंद किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) एथेलेटिक्स
(ब) हॉकी
(स) निशानेबाजी
(द) साइक्लिंग

10. **पुस्कस अवॉर्ड किस खेल में शानदार प्रदर्शन के लिए दिया जाता है?**
(अ) बास्केटबॉल
(ब) क्रिकेट
(स) आइस हॉकी
(द) फुटबॉल

11. **इनमें से किस बल्लेबाज ने लगातार चार टेस्ट सीरीज में दोहरे शतक बनाए हैं?**
(अ) विराट कोहली
(ब) हरभजन सिंह
(स) आर. अश्विन
(द) इनमें से कोई नहीं

12. **वर्ष 2019 में इनमें से किस खिलाड़ी ने इटेलियन ओपन का खिताब जीता था?**
(अ) आर्यना सबालेंका
(ब) कैरोलिना प्लिस्कोवा
(स) एलिस मर्टेंस
(द) समांथा स्टोसुर

13. **इनमें से किस खेल में फ्री थ्रो दिया जाता है?**
(अ) बास्केटबॉल
(ब) वॉलीबॉल
(स) जिम्नास्टिक
(द) हॉकी

14. **लंदन मैराथन-2020 में महिला वर्ग में चैम्पियन बनी थीं?**
(अ) मिजुकी नोगुची
(ब) पाउला रेडक्लिफ
(स) गेरडा स्टेन
(द) ब्रिगिड कोसगई

15. **विश्वनाथन आनंद को किस वर्ष पद्म विभूषण अवॉर्ड से नवाजा गया था?**
(अ) वर्ष 1996
(ब) वर्ष 2001
(स) वर्ष 2007
(द) वर्ष 2011

16. **मोहम्मद शमी ने क्रिकेट वर्ल्डकप-2019 में किस देश के खिलाफ हैट्रिक बनाई थी?**
(अ) अफगानिस्तान
(ब) पाकिस्तान
(स) इंग्लैंड
(द) दक्षिण अफ्रीका

17. **बास्केटबॉल के एक मैच में प्रत्येक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?**
(अ) चार (ब) पांच
(स) सात (द) दस

18. **इनमें से किस देश ने वर्ष 2019 में फीफा अंडर-17 वर्ल्डकप जीता था?**
(अ) जर्मनी
(ब) अर्जेंटीना
(स) ब्राजील
(द) क्रोएशिया

19. **आईसीसी ने किस वर्ष से हॉल ऑफ फेम चुनने की शुरूआत की थी?**
(अ) वर्ष 1999
(ब) वर्ष 2009
(स) वर्ष 2012
(द) इनमें से कोई नहीं

20. **वर्ष 1996 में किस शहर ने ओलिंपिक खेलों की मेजबानी की थी?**
(अ) अटलांटा (ब) पेरिस
(स) एथेंस (द) बार्सिलोना

21. **सोफिया केनिन टेनिस में किस देश का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) चेक गणराज्य
(ब) मैक्सिको
(स) सउदी अरब
(द) अमेरिका

22. **टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज हैं?**
(अ) वसीम अकरम
(ब) कर्टनी वॉल्श
(स) ग्लैन मैक्ग्राथ
(द) शॉन पोलक

23. **इस वर्ष इंडियन सुपर लीग का खिताब किस टीम ने जीता है?**
(अ) जमशेदपुर एफसी
(ब) चेन्नइयन एफसी
(स) मुंबई सिटी एफसी
(द) केरला ब्लास्टर्स

24. **पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डोनाल्ड ब्रैडमैन ने टेस्ट क्रिकेट में कितने शतक बनाए हैं?**
(अ) 29 (ब) 31
(स) 34 (द) 27

25. **इस वर्ष इनमें से किसे बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्स वुमन ऑफ ईयर चुना गया है?**
(अ) विनेश फोगाट
(ब) कोनेरू हम्पी
(स) रानी रामपाल
(द) पी.वी. सिंधु

उत्तरमाला

1. (स),	2. (ब),	3. (द)
4. (स),	5. (द),	6. (अ)
7. (स),	8. (ब),	9. (अ)
10. (द),	11. (अ),	12. (ब)
13. (अ),	14. (द),	15. (स)
16. (अ),	17. (ब),	18. (स)
19. (ब),	20. (अ),	21. (द)
22. (ब),	23. (स),	24. (अ)
25. (ब)		

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

खेल चर्चा

मुसानाह ओपन सेलिंग चैंपियनशिप

एकता और रितिका ने देश को दिलाया कांस्य पदक

मस्कट, ओमान में आयोजित मुसानाह ओपन सेलिंग चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी की सेलिंग खिलाड़ी एकता यादव और रितिका दांगी की जोड़ी ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुये देश को कांस्य पदक दिलाया। दोनों खिलाड़ियों ने 49 ईआर क्लास बोट इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुये कांस्य पदक अर्जित किया।

जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान हीथ स्ट्रीक पर लगा प्रतिबंध

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान हीथ स्ट्रीक को सभी तरह के क्रिकेट से 8 वर्ष के लिये प्रतिबंधित किया है। स्ट्रीक को आईसीसी की भ्रष्टाचार रोधी संहिता के उल्लंघन के 5 आरोपों में दोषी पाया गया है। स्ट्रीक ने अपने ऊपर लगे आरोपों को स्वीकार भी किया गया है। आईसीसी ने कहा कि स्ट्रीक ने वर्ष 2018 में जिम्बाब्वे, बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला तथा अन्य टूर्नामेंट्स की जानकारी सटोरियों को दी थी।

एक सप्ताह की देरी से शुरू होगा फ्रेंच ओपन

पेरिस, वर्ष के दूसरे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट फ्रेंच ओपन पर कोरोना महामारी का साया मंडरा रहा है। फ्रेंच ओपन के आयोजकों ने कहा है कि कोरोना महामारी के संक्रमण के कारण यह टूर्नामेंट इस वर्ष एक सप्ताह की देरी से शुरू होगा। पहले यह टूर्नामेंट 23 मई से आयोजित होना प्रस्तावित था, लेकिन अब यह टूर्नामेंट 30 मई से शुरू होगा। टूर्नामेंट के आयोजकों ने कहा कि सुरक्षित माहौल में ज्यादा से ज्यादा दर्शकों के सामने इस टूर्नामेंट के आयोजन की संभावनाओं को देखते हुये यह फैसला लिया गया है। इससे हमें स्वास्थ्य परिस्थितियों को सुधारने के लिये थोड़ा और समय मिल जायेगा।

ट्वेंटी-20 विश्वकप के लिये बैकअप प्लान तैयार - आईसीसी

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा कि उनके पास इस वर्ष के अंत में भारत में आयोजित होने वाले आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप के लिये बैकअप प्लान तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बावजूद इस टूर्नामेंट को हटाने की किसी संभावना पर विचार नहीं किया गया है।

टोक्यो ओलिंपिक

कोविड लक्षण वाले खिलाड़ियों को रखा जायेगा अलग

टोक्यो, जापान में आयोजित होने वाले ओलिंपिक खेलों में आने वाले खिलाड़ियों में अगर कोरोना के मामूली लक्षण पाये जाते हैं, तो उन्हें खेलगांव से अलग होटल में क्वारेंटाइन किया जायेगा। यह जानकारी जापान की एक समाचार एजेंसी ने दी। एजेंसी के अनुसार टोक्यो ओलिंपिक आयोजन समिति कोविड लक्षण वाले खिलाड़ियों के लिये खेलगांव के समीप एक होटल में 300 कमरे बुक करने की योजना पर काम कर रही है।

एशियाई ओलिंपिक क्वालिफायर

सोनम और अंशु ने टोक्यो ओलिंपिक का हासिल किया टिकट

अल्माटी, भारत की नवोदित महिला पहलवान सोनम मलिक और अंशु मलिक ने टोक्यो ओलिंपिक का टिकट हासिल कर लिया है। दोनों पहलवानों ने कजाकिस्तान के अल्माटी में आयोजित एशियाई ओलिंपिक क्वालिफायर में अपने-अपने वर्ग में रजत पदक जीतकर ओलिंपिक में जगह हासिल की है।

सोनम ने साक्षी को किया बाहर

रियो ओलिंपिक खेलों में कास्य पदक जीतने वाली साक्षी मलिक टोक्यो ओलिंपिक में जगह नहीं बना पाई। साक्षी को सोनम ने राष्ट्रीय ट्रायल्स में हराकर एशियाई ओलिंपिक क्वालिफायर में जगह बनाई थी। सोनम के ओलिंपिक में जगह बनाने से साक्षी की उम्मीद खत्म हो गई है।

एशियाई ओलिंपिक क्वालिफायर में सोनम का सफर शानदार रहा। प्रतियोगिता में 62 किलोग्राम भारवर्ग में सोनम मलिक ने शुरुआती राउंड में चीन की लॉन्ग जिया को 5-2 से हराया, वहीं चीनी ताइपे की पाई सिन पिंग को 11-0 से हराया। सेमीफाइनल में सोनम का सामना कजाकिस्तान की अयालिम केसीमोवा को रोमांचक मुकाबले में 9-6 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में सोनम का मुकाबला लॉन्ग जिया से होना था, लेकिन चोट के कारण फाइनल से हट गई।

अंशु का रहा दबदबा

प्रतियोगिता में 57 किलोग्राम भारवर्ग स्पर्धा में भारतीय पहलवान अंशु मलिक का दबदबा रहा। अंशु ने फाइनल तक के सफर में विरोधियों के खिलाफ महज 2 अंक गवाकर अंशु ने अपने तीनों मुकाबले तकनीकी दक्षता से जीते। अंशु ने पहले मैच में दक्षिण कोरिया की जियुन उम को 10-0 से तथा कजाकिस्तान की एमा तिसिना को 10-0 से हराया। इसके बाद अंशु ने सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान की शोखिदा अखमेदोवा को 12-2 से हराया। स्पर्धा के फाइनल में अंशु का सामना मंगोलिया की बोल्दसाइखनी त्चोंगोर्जुल से हुआ। इस मुकाबले में त्चोंगोर्जुल ने अंशु को 7-4 से हराकर बाजी जीती।

ओलिंपिक में होंगे छह भारतीय पहलवान

टोक्यो ओलिंपिक खेलों के लिए अब तक छह भारतीय पहलवान क्वालिफाई कर चुके हैं। इनमें तीन महिला तथा तीन पुरुष पहलवान शामिल हैं। सोनम और अंशु से पहले विनेश फोगाट 53 किलोग्राम भारवर्ग में जगह बना चुकी हैं। वहीं 57 किलोग्राम भारतवर्ग में रवि कुमार दाहिया, 65 किलोग्राम भारवर्ग में बजरंग पूनिया तथा 86 किलोग्राम भारवर्ग में दीपक पूनिया टोक्यो ओलिंपिक में जगह बना चुके हैं। भारत को ग्रीको रोमन वर्ग में भी ओलिंपिक कोटा हासिल करने की उम्मीद थी, लेकिन इस वर्ग में भारतीय पहलवानों ने निराश किया है।

ओलिंपिक में सेलिंग के तीन इवेंट में उतरेगा भारत

ओमान, टोक्यो ओलिंपिक खेलों में भारत के चार सेलर्स देश का प्रतिनिधित्व करते हुए नजर आयेंगे। यह पहला अवसर है, जब ओलिंपिक खेलों में भारत के चार सेलर्स ने क्वालिफाई किया है। भारत टोक्यो ओलिंपिक खेलों में सेलिंग की तीन स्पर्धाओं में अपनी दावेदारी पेश करेगा।

नेत्रा कुमानन ने सबसे पहले किया क्वालिफाई

नेत्रा कुमानन ओलिंपिक खेलों में क्वालिफाई करने वाली पहली भारतीय महिला सेलर बन गई हैं। नेत्रा ने ओमान में ओयोजित मुसानाह ओपन चैम्पियनशिप में लेजर रेडियल स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। इस स्पर्धा में नेत्रा ने अपनी हमवतन खिलाड़ी रम्या पर 21 अंकों से जीत दर्ज की। चैम्पियनशिप में नेत्रा के 18 अंक थे, जबकि रम्या ने 39 अंक हासिल किए। नौकायन की प्रतियोगिता में जिस खिलाड़ी के सबसे कम अंक होते हैं, उसे विजेता घोषित किया जाता है।

विष्णु, गणपति और वरुण ने भी किया क्वालिफाई

चैम्पियनशिप में भारत के विष्णु श्रवणन ने लेजर स्टैंडर्ड क्लास स्पर्धा में ओलिंपिक का टिकट हासिल किया। श्रवणन ने स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहकर ओलिंपिक कोटा हासिल किया। उन्होंने स्पर्धा में थाईलैंड के कीराती बुआलोंग को हराया। वहीं गणपति चेंगप्पा और वरूण ठक्कर की जोड़ी ने 49 ईआर क्लास स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल कर टोक्यो ओलिंपिक में जगह बनाई। यह जोड़ी वर्ष 2018 में एशियाई खेलों में कास्य पदक जीत चुकी है।

ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने 3-0 से जीती सीरीज

माउंट मोंगनुई, वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने सीरीज के तीसरे तथा अंतिम मैच में न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम को 21 रनों से हराया।

न्यूजीलैंड ने वर्षाबाधित मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया बारिश के कारण मैच 25-25 ओवर का किया गया। ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज एलिसी हीली (46) और बेथ मूनी (28) ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिए 73 रनों की साझेदारी की। इसके बाद लगातार विकेट गिरने के कारण ऑस्ट्रेलिया बड़ा स्कोर नहीं खड़ा कर पाई। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने निर्धारित 25 ओवरों में 7 विकेट खोकर 149 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए लीख केस्पेरेक ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए।

जीत के लिए मिले 150 रनों के लक्ष्य के जवाब में न्यूजीलैंड अच्छी शुरुआत करने में असफल रही। न्यूजीलैंड की सलामी बल्लेबाज केटी मार्टिन (5) 13 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गईं। इसके बाद हेली जेंसन (13) और कप्तान एमी सदरवेट (20) ने पारी को आगे बढ़ाया। इन दोनों बल्लेबाजों के बाद लीया तहहू (21), जेस केर (17) और लौरेन डाउन (16) ने भी उपयोगी योगदान दिया। लेकिन धीमी बल्लेबाजी के कारण न्यूजीलैंड की टीम लक्ष्य से दूर रही। न्यूजीलैंड की टीम को अंतिम ओवर में जीत के लिए 29 रन चाहिए थे और उसके तीन विकेट बाकी थे, लेकिन टीम सिर्फ छह रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड का स्कोर 9 विकेट पर 128 रन रहा।

एफआईएच प्रो लीग

भारत ने अर्जेंटीना को लगातार मैचों में हराया

ब्यूनस आयर्स, भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ओलिंपिक चैम्पियन अर्जेंटीना को लगातार दो मैचों में हराया। भारत ने दूसरे मुकाबले में अर्जेंटीना को 3-0 से हराया। इस जीत के साथ भारत एफआईएच प्रो लीग की अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया है।

भारत का मैच में दबदबा

मैच में भारतीय टीम ने शुरुआत से अपना दबदबा बनाया। मैच के 11वें मिनट में हरमनप्रीत सिंह ने पेनाल्टी कॉर्नर पर बेहतरीन गोलकर भारतीय टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इस गोल के बाद अर्जेंटीना की टीम डिफेंसिव मोड में आ गई। 25 वें मिनट में ललित उपाध्याय ने मैदानी गोलकर भारत की बढ़त को दोगुना करते हुए अर्जेंटीना को दबाव में ला दिया। इसके बाद मैच के अंतिम क्षणों में मनदीप सिंह ने शानदार ड्रिबलिंग कर गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचा कर भारत की जीत निश्चित कर दी। भारत ने निर्धारित समय खत्म होने पर मैच 3-0 से अपने नाम किया।

पेनाल्टी शूटआउट में जीता पहला मैच

इससे पहले भारत ने अर्जेंटीना को पहले मैच में पेनाल्टी शूटआउट में हराया था। मैच में निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 से बराबरी पर थी। इसके बाद मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउट के जरिए हुआ। पेनाल्टी शूटआउट में भारत के लिए ललित उपाध्याय, रूपिंदर सिंह और दिलप्रीत सिंह ने गोल किए। जबकि अर्जेंटीना के लिए निकोलस कीनन और लुकास मार्टिनेज ही गोल कर पाए।

- **भारत एफआईएच प्रो लीग की अंक तालिका में चौथे स्थान पर है।**
- **भारत ने लीग में 8 मैचों में 3 जीत के साथ 15 अंक हासिल किए हैं। वहीं तीन मैच ड्रा रहे।**
- **लीग में बेल्जियम पहले, जर्मनी दूसरे और नीदरलैंड्स तीसरे स्थान पर है। वहीं ऑस्ट्रेलिया पांचवें स्थान पर है।**
- **भारत को मई माह में ब्रिटेन, स्पेन और जर्मनी के खिलाफ खेलना है।**

टारगेट ओलिंपिक पोडियम में शामिल हुईं सानिया

नई दिल्ली, भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा को टारगेट ओलिंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में शामिल किया गया है। सानिया को चार वर्ष बाद इस योजना में शामिल किया गया था। सानिया ने वर्ष 2017 में चोट के बाद इस योजना से हटने का फैसला लिया था। सानिया ने पारिवारिक कारणों से टेनिस से ब्रेक लिया था। उन्होंने पिछले सत्र में होबार्ट इंटरनेशनल डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट से टेनिस कोर्ट में वापसी की थी। सानिया पहले ही टोक्यो ओलिंपिक के लिये क्वालिफाई कर चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि टॉप्स योजना में उन खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है, जो ओलिंपिक खेलों में पदक जीतने के दावेदार होते हैं।

स्केरिट फिर बने वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष

पोर्ट ऑफ स्पेन, रिकी स्केरिट एक बार फिर वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड (सीडब्ल्यूआई) के अध्यक्ष बन गए हैं। सीडब्ल्यूआई की वार्षिक आम बैठक में स्केरिट को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। स्केरिट के अलावा किशोर शैलो को भी दोबारा उपाध्यक्ष चुना गया है। स्केरिट और शैलो का कार्यकाल मार्च 2023 तक रहेगा। अध्यक्ष पर संभालने के बाद रिकी स्केरिट ने कहा कि हमारा लक्ष्य वेस्टइंडीज क्रिकेट की प्रतिष्ठा बनाए रखना है। हम वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए मैदान और बाहर दोनों जगह स्थायी सुधार लाने का प्रयास कर रहे हैं।

हरेंद्र सिंह बने अमेरिकी हॉकी टीम के मुख्य कोच

नई दिल्ली, भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कोच हरेंद्र सिंह को अमेरिका की पुरुष हॉकी टीम का मुख्य कोच बनाया गया है। अमेरिकी हॉकी महासंघ ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। मुख्य कोच बनाये जाने के बाद हरेंद्र सिंह ने कहा कि अमेरिकी पुरुष राष्ट्रीय टीम को कोचिंग देना एक रोमांचक अनुभव होगा। हालांकि अमेरिकी हॉकी महासंघ ने यह नहीं बताया कि हरेंद्र का कार्यकाल कितने समय का होगा। उल्लेखनीय है कि हरेंद्र सिंह भारत की पुरुष तथा महिला दोनों टीमों के कोच रह चुके हैं। हरेंद्र सिंह के बाद ग्राहम रीड को भारतीय पुरुष हॉकी टीम का कोच नियुक्त किया गया था। हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने वर्ष 2018 में एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं उनके मार्गदर्शन में महिला हॉकी टीम ने वर्ष 2017 में हॉकी एशिया कप में स्वर्ण पदक जीता था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

एयर बबल समझौता

अब 28 देशों में जा सकेंगे भारतीय

भारत सरकार ने हाल ही में विशेष अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए श्रीलंका के साथ एयर बबल समझौता किया है। इस समझौते

- **यह एक द्विपक्षीय समझौता है। इसके तहत अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें बंद होने पर दोनों देशों की एयरलाइंस कुछ प्रतिबंधों के साथ अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें संचालित कर सकती हैं।**

के बाद अब भारतीय 28 देशों अफगानिस्तान, अमेरिका, ब्रिटेन, बहरीन, बांग्लादेश, भूटान, कनाडा, इथोपिया, फ्रांस, जर्मनी, इराक, जापान, कुवैत, मालदीव, नेपाल, नीदरलैंड्स, नाइजीरिया, ओमान, कतर, रूस, सेशेल्स, तंजानिया, उक्रेन, यूएई, उज्बेकिस्तान जा सकेंगे। गौरतलब है कि कोरोना के कारण भारत में सामान्य उड़ानें निलंबित हैं।

कोविड-19 की स्थिति और टीकाकरण अभियान पर राज्यपालों के साथ चर्चा

वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने प्रतिबद्ध है सरकार : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यों के राज्यपालों के साथ देशभर में कोविड-19 की स्थिति और संचालित टीकाकरण अभियान के बारे में चर्चा की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड के खिलाफ लड़ाई में टीकों के साथ, हमारे मूल्य और कर्तव्य की भावना हमारी सबसे बड़ी ताकत है। पिछले वर्ष अपना कर्तव्य मानकर इस लड़ाई में भाग लेने वाले नागरिकों की सराहना करते हुए, उन्होंने कहा कि अब भी जनभागीदारी की इसी भावना को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से इसे पाने में राज्यपालों की भूमिका, अपनी सामाजिक क्षमता के उचित उपयोग के माध्यम से, बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल राज्य सरकारों और समाज के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने आगे कहा कि सभी सामुदायिक संगठनों, राजनीतिक दलों, एनजीओ और सामाजिक संस्थाओं की साझा शक्ति का उपयोग करने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि राज्यपाल यह सुनिश्चित करने में सक्रिय रूप से शामिल हो सकते हैं कि सामाजिक संस्थाएं सूक्ष्म स्तर पर कोरोना नियंत्रण के लिए राज्य सरकारों के साथ बिना

किसी बाधा के सहयोग करें। उन्होंने कहा कि उनका सामाजिक संपर्क अस्पतालों में एंबुलेंस, वेंटिलेटर और ऑक्सीजन की क्षमता को बढ़ाने में सहायता कर सकता है। टीकाकरण और उपचार के बारे में सूचनाएं देने के साथ-साथ, राज्यपाल आयुष संबंधी उपायों के बारे में भी जागरूकता फैला सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने इस बात का भी उल्लेख किया कि हमारे युवा, हमारे कर्मचारीगण, हमारी अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग हैं। इसलिए, यह सुनिश्चित करना बहुत जरूरी है कि हमारे युवा कोविड संबंधित सभी प्रोटोकॉल और सावधानियों का पालन करें। उन्होंने कहा कि इस जनभागीदारी की दिशा में विश्वविद्यालय के परिसरों में हमारे छात्रों की ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने में भी राज्यपालों की भूमिका महत्वपूर्ण है। हमें विश्वविद्यालय और कॉलेज परिसरों की सुविधाओं के बेहतर उपयोग पर भी ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बीते साल की तरह इस साल भी एनसीसी और एनएसएस की अहम भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस लड़ाई में राज्यपाल जनभागीदारी के एक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और राज्य सरकारों के साथ उनका तालमेल और राज्य के संस्थानों का मार्गदर्शन राष्ट्र के संकल्प को और मजबूत करेगा।

कोविड मामलों की संख्या बढ़ने पर चर्चा करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि वायरस के खिलाफ लड़ाई के इस चरण में देश बीते साल के अनुभव और सुधरी हुई स्वास्थ्य क्षमता से लाभ लेने की स्थिति में है। उन्होंने आरटीपीसीआर जांच की क्षमता बढ़ाने पर भी चर्चा की और उल्लेख किया कि जांच की किट और अन्य सामग्री के संबंध में देश आत्मनिर्भर हो गया है। इन सबके कारण आरटीपीसीआर टेस्ट के खर्च में कमी आई है। उन्होंने आगे कहा कि जांच संबंधित ज्यादातर सामग्री जीईएम पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। प्रधानमंत्री ने ट्रैकिंग, ट्रेसिंग और टेस्टिंग बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया और कहा कि आरटीपीसीआर टेस्ट को 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना प्रासंगिक है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों की जांच की जाए।

प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि सरकार टीकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस बात को प्रमुखता से सामने रखा कि भारत 10 करोड़ टीकाकरण करने तक सबसे तेजी से पहुंचने वाला राष्ट्र बन गया है। बीते दिनों चले टीका उत्सव के सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए उन्होंने कहा कि इस अवधि में, टीकाकरण अभियान को विस्तार मिला है और नए टीकाकरण केंद्र भी खोले गए हैं।

कांगो में 2.7 करोड़ नागरिक भीषण भुखमरी के शिकार

संयुक्त राष्ट्र ने आगाह किया है कि कांगो में 2.7 करोड़ से अधिक लोग भीषण भुखमरी से जूझ रहे हैं, जो संघर्षरत् अफ्रीकी देश की अनुमानित 8.7 करोड़ की आबादी का तकरीबन एक तिहाई हिस्सा है। संयुक्त राष्ट्र की दो एजेंसियों खाद्य एवं कृषि संगठन और विश्व खाद्य कार्यक्रम ने कहा कि जो लोग भीषण भुखमरी का सामना कर रहे हैं, उनमें से 70 लाख लोग आपात स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि करीब 2.7 करोड़ कांगो नागरिकों की जिंदगियां बचाने के लिए फौरन कदम उठाने की आवश्यकता है। कांगो में विश्व खाद्य कार्यक्रम के प्रतिनिधि पीटर मुसोको ने कहा पहली बार हम इतनी बड़ी आबादी का विश्लेषण कर पाए और इससे हमें कांगो गणराज्य में खाद्य असुरक्षा की असली तस्वीर सामने लाने में मदद मिली। दोनों एजेंसियों के अनुसार सबसे प्रभावित लोगों में विस्थापित, शरणार्थी, बाढ़, भूस्खलन, आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोग तथा शहरी और आसपास के इलाकों के गरीब लोग शामिल हैं।

भारत-जापान शैक्षणिक एवं अनुसंधान सहयोग बढ़ाएंगे

केंद्रीय मंत्रिमंडल को भारत और जापान के बीच शैक्षणिक तथा अनुसंधान सहयोग और परस्पर आदान-प्रदान से जुड़े एक समझौता ज्ञापन की जानकारी दी गई, जिसके तहत दोनों देश वायुमंडलीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों, समन्वयात्मक वैज्ञानिक प्रयोगों से संबंधित क्षेत्रों में सहयोग करेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह जानकारी दी गई।

जानकारी के अनुसार, भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग की राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान प्रयोगशाला (एनएआरएल) और जापान के क्योटो विश्वविद्यालय के रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर सस्टेनेबल ह्यूमनोस्फेयर (आरआईएसएच) के बीच 4 नवम्बर 2020 और 11 नवम्बर 2020 को संबंधित संस्थानों के बीच शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग एवं परस्पर आदान-प्रदान के लिए एक समझौता ज्ञापन-पत्र

पर हस्ताक्षर हुए थे।

इसके तहत दोनों देश वायुमंडलीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा समन्वयात्मक वैज्ञानिक प्रयोगों एवं अभियानों और प्रतिमान अध्ययनों से संबंधित क्षेत्रों में सहयोग करेंगे। दोनों देशों के बीच वैज्ञानिक विशेष सामग्री, प्रकाशनों और सूचनाओं का आदान-प्रदान, संयुक्त अनुसंधान बैठकों एवं कार्यशालाओं, संकाय सदस्यों, छात्रों एवं अनुसंधानकर्ताओं के आदान-प्रदान को जारी रखा जाएगा।

बयान के अनुसार इस समझौते ज्ञापन-पत्र के माध्यम से जापान के शिगराकी में मध्यम और ऊपरी वायुमंडलीय (एमयू) रडार, इंडोनेशिया के क्रोतोतावंग में भूमध्यवर्ती वायुमंडलीय रडार (ईएआर) और आरआईएसएच में उपलब्ध अनुपूरक उपकरणों के साथ-साथ एनएआरएल में मध्यमंडल-समतापमंडल-क्षोभमंडल (एमएसटी) रडार एवं उपलब्ध अनुपूरक उपकरणों जैसी सुविधाओं का परस्पर उपयोग किया जा सकेगा।

एनआरएल और आरआईएसएच वायुमंडलीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के साथ-साथ वैज्ञानिकों के परस्पर आदन-प्रदान में सहयोग करते रहे हैं। यह व्यवस्था एक समझौता ज्ञापन-पत्र के माध्यम से 2008 में बनायी गई थी। उपरोक्त समझौते ज्ञापन-पत्र को 2013 में नवीनीकृत किया गया। दोनों पक्षों ने नए दिशा-निर्देशों के अनुरूप सहयोगात्मक अनुसंधान को प्रोत्साहन देने के लिए एक नवीन समझौते ज्ञापन-पत्र पर नवम्बर 2020 में हस्ताक्षर किए और इनका आदन-प्रदान किया।

स्वदेशी हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट का परीक्षण सफल

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने एके-47 राइफल की गोली को बेअसर करने वाली सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट

- **इसका वजन 9 किलोग्राम है।**
- **यह पहले वाली जैकेट की तुलना में तकरीबन डेढ़ किलो हल्की है।**

विकसित की है। सेना ने जैकेट का परीक्षण किया है और यह परीक्षण सफल रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जैकेट के सफलतम् निर्माण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी है। डीआरडीओ के अनुसार यह जैकेट सेना की जरूरतों के अनुरूप तैयार की गई है।

इस जैकेट का फ्रंट हार्ड आर्मट पैनल के चंडीगढ़ स्थित टर्मिनल बैलेस्टिक रिसर्च लैबोरेटरी में परीक्षण किया गया। डीआरडीओ ने कहा कि हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट के निर्माण के लिए विशेष रूप से हल्का पदार्थ प्रयोगशाला ने विकसित किया है। जिससे वजन में कमी लाना संभव हो पाया है।

यूक्रेन में कार्रवाई पर रूस को अमेरिका ने चेताया

अमेरिका ने पूर्वी यूक्रेन में आक्रामक कार्रवाई करने पर रूस को परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। बाइडेन प्रशासन इस

- **20 हजार रूसी सैनिकों को यूक्रेन की सीमा की ओर भेजा गया है।**

संबंध में रूस के खिलाफ अपनी नीति की समीक्षा कर रहा है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा है कि अमेरिका रूसी सैनिकों के यूक्रेन की सीमाओं की ओर बढ़ने के मामले पर क्षेत्र के अपने साझेदारों और सहयोगियों के साथ विचार-विमर्श और काम कर रहा है। साकी ने कहा कि इसके परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

इनमें से कुछ प्रत्यक्ष तो कुछ अप्रत्यक्ष होंगे। जल्द ही इस बारे में और अधिक जानकारी दी जाएगी। यूक्रेन ने पिछले सप्ताह रूस पर हजारों सैन्यकर्मियों को

अपनी उत्तरी तथा पूर्वी सीमाओं और क्रीमिया प्रायद्वीप की ओर भेजने का आरोप लगाया था। यूक्रेन की सेना ने मार्च के अंत में दावा किया कि लगभग 20,000 रूसी सैनिकों को यूक्रेन की सीमा की ओर भेजा गया है।

विवाद की शुरुआत : रूस और यूक्रेन में इस विवाद की शुरुआत 2014 से हुई थी। इस साल रूस ने क्रीमिया प्रायद्वीप का विलय कर लिया था। इससे पहले तक क्रीमिया यूक्रेन का हिस्सा हुआ करता था।

म्यांमार में प्रमुख हस्तियों पर कार्रवाई

लोकतंत्र समर्थक आंदोलनकारियों ने यंगून की सड़कों को लाल रंग से रंग दिया। उन्होंने जुंता को याद दिलाने के लिए यह कदम उठाया कि उसके हाथ खून से रंगे हुए हैं। मीडिया के मुताबिक बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी सड़कों, फुटपाथ और बस स्टॉप पर लाल पेंट छिड़कते नजर आए।

म्यांमार में सैन्य तख्तापलट के खिलाफ जारी विरोध-प्रदर्शनों के बीच सेना ने आमजनों के साथ-साथ प्रमुख हस्तियों पर भी कार्रवाई शुरू कर दी है। सत्तारूढ़ जुंता ने देश के शीर्ष हास्य कलाकार जरगनार को गिरफ्तार करने के अलावा सरकारी मीडिया में उन वांछित हस्तियों की सूची जारी की, जो आंदोलनकारियों का समर्थन कर रहे हैं।

दो सैन्य वाहनों में सवार पुलिसकर्मियों और सुरक्षाबलों ने मॉन्गा थूरा उर्फ जरगनार को यंगून स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया। .साथी हास्य कलाकार नगेप्याकाव ने अपने फेसबुक पेज पर यह जानकारी दी।

ईरान के परमाणु संयंत्र की बिजली गुल

पिछले दिनों ईरान के नतांज स्थित भूमिगत परमाणु संयंत्र की बिजली गुल हो गई। विश्व बिरादरी के साथ परमाणु

- **परमाणु ऊर्जा संगठन के प्रमुख ने इसे आतंकी हमला बताया।**
- **आईएईए की निगरानी में है नतांज का परमाणु संयंत्र।**

समझौते पर बातचीत के बीच तेहरान के सबसे सुरक्षित स्थानों में से एक में इस तरह की घटना का यह मामला है। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन के प्रमुख अली अकबर सालेही ने इसे आतंकी हमला करार दिया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को इससे निपटने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के पास अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार है। इस घटना से क्षेत्र में तनाव

बढ़ने की आशंका है।

ज्ञात रहे कि नतांज का परमाणु ऊर्जा संयंत्र आईएईए की निगरानी में है। फिलहाल बिजली गुल होने के संबंध में विस्तृत विवरण नहीं मिल सका है। शुरू में इसे बिजली ग्रिड में खराबी का नतीजा माना जा रहा था। सरकारी टेलीविजन ने देश के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के प्रवक्ता बेहरूज कमालवादी का हवाला देते हुए घटना की पुष्टि की है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।